दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | आंचलिक 6 | राजधानी 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 6 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष चार्तुदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-315 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सच तो यही है कि डर सब को लगता है। गला सभी का सूखता है। फिर वह चाहे महाराणा प्रताप का वंशज हो या भगत सिंह का अनुयायी। मनीष सिसोदिया को पांच दिन की जेल में ही विस्की-बीयर का भाव समझ में आ गया। उनका आरोप है कि सीबीआई उन्हें मानसिक प्रताड़ना दे रही है। कोर्ट ने भी जमानत याचिका पर 10 मार्च को सुनवाई करने का फैसला देकर उन्हें झटका दे दिया है। स्कूली बच्चों को बरगला कर खुद को दूसरा चाचा नेहरू साबित करने की उनकी कवायद भी बेनतीजा रही। अब तो जेल में ही होली मनानी पड़ेगी इस रंगीले रतन को।

सीएम भूपेश आज पेश करेंगे 'भरोसे' का बजट, जनता के नाम दिया महत्वपूर्ण संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 6 मार्च को छत्तीसगढ़ सरकार का वर्ष 2023 का बजट पेश करेंगे। बजट की पूर्व संध्या पर उन्होंने प्रदेश की जनता को संदेश देते हुए विश्वास दिलाया है कि यह 'भरोसे' का बजट होगा। उन्होंने कहा है कि यह उस भरोसे का बजट है जिसने छत्तीसगढ़ को 'नवा छत्तीसगढ़' बनने का संबल दिया है। यह वही भरोसा है जो आपने हमारे घोषणापत्र पर, हमारी कार्यशैली

पर और हमारी सरकार की जनकल्याणकारी सोच पर जताया है। सीएम ने कहा कि हमने सरकार बनते ही महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के संकल्प और न्याय की नीति को आकार देना शुरू कर दिया था। इस दौरान बीते वर्षों में आई चुनौतियों से सभी परिचित हैं। चाहे वह कोरोना जैसी वैश्विक आपदा की चुनौती हो या अन्य चुनौतियां जिन्हें आप सब समझते हैं। लेकिन यह कहते हुए गर्व होता है कि इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए हम बाहर निकले हैं और इस समय हम सबसे अच्छे आर्थिक प्रबंधन वाले प्रदेशों में से एक हैं। यह आपके ही 'भरोसे' का परिणाम है कि देशभर में मंदी होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के बाजारों में रौनक हैं। सबसे कम बेरोजगारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सपनों को उड़ान देने वाला बजट होगा

विधानसभा में सोमवार को जो छत्तीसगढ़ के 'भरोसे' का बजट प्रस्तुत होगा, वह हमारे प्रदेश के सपनों को एक नई हकीकत देने वाला बजट होगा, जो आसमान की नहीं जमीन की बात करेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं आप सबको 'भरोसा' बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूं। साथ ही यह जिम्मेदारी भी आप सबके कंधों पर रखना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ को 'नकारात्मकता' से भर देने वालों को पहचानिए और नवा छत्तीसगढ़ की इस यात्रा को सब लोग मिलकर रफ्तार दीजिए।

देश के लोग अब छग आने उत्सुक

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले छत्तीसगढ़ को लोग सिर्फ नक्सली हिंसा की घटनाओं के लिए याद करते थे। पर्यटकों के दिमाग में छत्तीसगढ़ को लेकर प्रश्न चिन्ह आते थे। अचानक से इतना कुछ बदल गया है कि देश के लोग अब छत्तीसगढ़ आने को उत्सुक हैं। आप देख रहे होंगे कि प्रदेश में लगातार बॉलीवुड कलाकार फिल्म और वेब सीरिज की शूटिंग के लिए आ रहे हैं, पर्यटकों की संख्या में शानदार वृद्धि हुई है। यह सब जनभागीदारी से संभव हो सका है। हमारा राज्य अब देश को रास्ता दिखा रहा है। लोगों का नजरिया बदला है। आज समय बदल गया है। छत्तीसगढ़ में रोड सेफ्टी जैसे 2 बड़े सीजन क्रिकेट मैच हो चुके हैं, पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच ने हम सबका गौरव बढ़ाया है। सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग भी अभी हाल में ही सम्पन्न हुआ है।

किसानों को एक और बड़े आंदोलन के लिए रहना होगा तैयार : टिकैत

जयपुर (वार्ता)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसानों को अब दस साल पुराने ट्रैक्टर बंद करने के मामले को लेकर एक और बड़ा आंदोलन करने के लिए तैयार रहना होगा। टिकैत जाट महाकुंभ में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को अब एक बार फिर बड़ा आंदोलन चालू करना पड़ेगा और उसके लिए तैयारी रखनी होगी क्योंकि दस साल पूराना ट्रेक्टर बंद होगा यह पोलिसी सरकार की आ गई हैं। उन्होंने कहा कि कौनसा किसान है जो दस साल पुराना ट्रेक्टर बदल देगा। कोई नहीं बदल सकता। इसलिए एक बड़ा आंदोलन फिर किसान

मंच पर होगा। राजस्थान वाले एवं समाज के लोग मोर्चे को संभालने का काम करेंगे। सरकार कोई हो चाहे केन्द्र या राज्य, हम किसी पार्टी के खिलाफ नही हैं लेकिन सरकार की गलत पोलिसी होगी तो आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के ट्रैक्टर दस साल काम में लेने के बाद टैंक का काम करेगा और उसको सड़कों पर लेकर रखना। ये टैंक वो ही है जो चार लाख ट्रेक्टर दिल्ली में किसान आंदोलन के समय गये थे। उन्होंने कहा कि इनकी कहां, कब जरुरत पड़ेगी, समय आयेगा तब बताया जायेगा। टिकैत ने कहा कि मोटे अनाज की बात की जा रही है लेकिन उसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून भी मिलना चाहिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार बदली, लेकिन व्यवस्था नहीं : केजरीवाल

सरकार बनी तो पंजाब-दिल्ली जैसा काम होगा : भगवंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। इस बार विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी दमखम के साथ छत्तीसगढ़ में लड़ेगी। इसका मोर्चा 'आप' पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संभाल लिया है। रविवार को रायपुर के जोरा में एक विशाल जनसभा को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा, सरकार बदल गई है, लेकिन व्यवस्था नहीं बदली है। इस सभा को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार बनी तो पंजाब जैसा काम होगा, उन्होंने अनियमित

कर्मचारियों को नियमित करने का इशारा भी कर किया। रायपुर में ये पहला मौका है जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एक साथ पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी आने वाले चुनावों में अपनी सियासी जमीन मजबूत करने की ताक में लगी हुई है। जिसको लेकर ये दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इसके पहले दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट में मीडिया से चर्चा की। दोनों नेताओं के निशाने पर सत्ताधारी कांग्रेस व बीजेपी रही। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दोनों पार्टी बीजेपी-कांग्रेस में ज्यादा अंतर नहीं है। दोनों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल के झूठ की खेती छग में नहीं चलने वाली : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी झूठ की खेती छत्तीसगढ़ में नहीं चलने वाली है। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केजरीवाल और उनके दल की कलई खुल कर जनता के सामने आ गयी है। झूठ बोल कर जनता को बरगला कर ईमानदारी की दुहाई दे कर सत्ता हथियाने वाली आम आदमी पार्टी को बने अभी एक दशक भी पूरे नहीं हुए हैं उसके पंजाब और दिल्ली के मंत्री और आधा दर्जन नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे है। खुद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। केजरीवाल छत्तीसगढ़ आये थे तो उन्हें कांग्रेस की भूपेश

बघेल सरकार की योजनाओं को भी देखना था। स्वामी आत्मानन्द विद्यालय जहां पर लोगो को मुफ्त अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है उसको देख लेते तो वे अपने दिल्ली के रंगरोगन वाले स्कूलों को भूल जाते। केजरीवाल यदि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना आदिवासी क्षेत्र की हाट बाजार क्लिनिक और महिलाओं के लिए विशेष दाई दीदी क्लिनिक तथा खूब चंद बघेल विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना को देख लेंगे तो उनके दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिकों की हवा निकल जाएंगी। अगली बार जब छत्तीसगढ़ आये तो उन्हें राज्य के जिला अस्पतालों को भी जरूर देखना चाहिए जहां पर केंसर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

//-- सुविचार --//

कोशिश आखिरी सांस तक करनी चाहिए मंजिल मिले या तजुर्बा चीज़ें दोनों ही नायाब हैं।

जनसंख्या

विश्व : 8,020,202,078

भारत : 1,417,066,246

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 56,550 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,900 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.31 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	36.5	21.8
बिलासपुर	35.8	20.5
जगदलपुर	35.2	16.6
अंबिकापुर	31.5	16.3

आज का दिवस

1521में फर्डिनांड मैगलन गौम पहुँचा। 1924 में इस्मेत इनोनु ने तुर्की में एक नई सरकार बनायी। 1967 में जोसेफ़ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची। 2018 में नई दिल?ली में मुनिरका में केन्द्रीय सूचना आयोग के नए भवन का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीआईसी मोबाइल एप जारी किया। नेशनल पीपुल्स पार्टी-एनपीपी के अध्यक्ष कॉनरेड संगमा मेघालय के मुख्यमंत्री बन गए। श्रीलंका सरकार ने कांडी जिले में पिछले दो दिनों से अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा के बाद देश में सात दिन के लिए आपातकाल लगा दिया। रूस का एक सैनिक विमान सीरिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया , जिसमें सवार कुल 32 यात्री लोग मारे गए।

ईडी-सीबीआई के एक्शन पर 9 विपक्षी नेताओं ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। सीबीआई और ईडी के एक्शन पर विपक्ष के नौ नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। विपक्षी नेताओं ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। चिट्ठी में विपक्ष ने सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग करने की बात कहते हुए भाजपा की निंदा की है और इस पर चिंता भी जताई है। हालांकि इन विपक्षी दलों में कांग्रेस शामिल नहीं है। चिट्ठी में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा पर भी निशाना साधा गया है। चिट्ठी में आरोप लगाया गया कि जो नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं, उनके खिलाफ जांच धीमी गति से होती है। विपक्षी नेताओं ने लिखा कि राज्यपाल कार्यालय पर चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों के काम में दखल में भी दखल दिया जाता है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ती दरार का कारण बन रहे हैं। विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों की छवि खराब हो रही है। चिट्ठी में लिका गया कि 26 फरवरी को पूछताछ के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया, उन्हें गिरफ्तार करते समय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'आई लव सिसोदिया' का बैनर लगाने पर दिल्ली स्कूल के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को पूर्वोत्तर दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में दिल्ली सरकार के एक स्कूल के गेट पर 'आई लव मनीष सिसोदिया' का बैनर लगाए जाने के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्थानीय निवासियों ने शनिवार सुबह बैनर लगाए जाने का विरोध किया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत स्थानीय निवासी दिवाकर पांडे ने की थी, जिसके लिए दिल्ली पुलिस

ने शास्त्री पार्क पुलिस स्टेशन में दिल्ली संपत्ति विरूपण अधिनियम की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के समन्वयक गजाला ने स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ मिलकर स्कूल के गेट पर बैनर लगवा दिया। शिकायतकर्ता दिवाकर पांडे ने कहा, '3 मार्च को सुबह 8.30 बजे के बीच आम आदमी पार्टी (आप) के कुछ कार्यकर्ता शास्त्री पार्क में सरकारी स्कूल के गेट के ऊपर एक बैनर लगा रहे थे। सबसे पहले उन्होंने स्कूल से एक डेस्क निकाली और उसे बाहर लाकर उस पर चढ़ गए और गेट पर 'आई लव मनीष सिसोदिया' का पोस्टर लगाने लगे, जिस पर लोगों ने आपत्ति जताई और कहा कि यह शिक्षा का मंदिर है, इसे दूर रखो राजनीति।

तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई पर एफआईआर दर्ज

चेन्नई। चेन्नई की साइबर क्राइम यूनिट ने तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. अन्नामलाई पर हाल ही में फैली फर्जी खबरों से डीएमके को जोड़ने के मामले में एक्शन लिया गया है. उन्होंने तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी श्रमिकों पर हमला किए जाने की बात कही थी. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बिहार के प्रवासी मजदूरों को बेरहमी से पीटे जाने का दावा किया गया. बाद में तमिलनाडु पुलिस ने साफ किया कि वीडियो फर्जी है. वीडियो वायरल के आरोप में भाजपा प्रवक्ता प्रशांत उमराव समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया. इससे पहले अन्नामलाई ने अपने बयान में डीएमके को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उत्तर भारतीयों द्वारा किए गए कार्यों का 'मजाक' उड़ाने का डीएमके का प्रयास रहा है. यही कारण है कि फर्जी खबरें इतनी तेजी से फैलती हैं. उन्होंने इस तरह की झूठी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की. अन्नामलाई ने कहा- डीएमके के गठन के बाद से यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हार के बाद बैकफुट पर आई टीम इंडिया, अब स्पीन ट्रैक की नहीं बनेगी पिच

अहमदाबाद। टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. पहले तीन टेस्ट मैच के जल्द खत्म होने के बाद पिच को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है. अब अहमदाबाद टेस्ट की पिच को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है. रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद टेस्ट मैच के लिए पिच सामान्य रह सकता है भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 9 मार्च से होना है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिहाज से भारतीय टीम के लिए मुकाबला काफी अहम है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस सीरीज में पिच को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है. तीनों ही मैचों का रिजल्ट तीन दिन में ही समाप्त हो गया था. इंदौर की पिच को तो आईसीसी ने भी खराब दर्जे का बताते हुए उसे तीन डिमेरिट प्वाइंट दे दिए थे. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि अहमदाबाद टेस्ट में किस तरह की पिच रहती है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद टेस्ट मैच के लिए पिच सामान्य रह सकता है.

कर्नाटक में हिजाब पहनकर पीयूसी की परीक्षा नहीं दे पाएंगी मुस्लिम छात्राएं

■ शिक्षा मंत्री का ऐलान

बेंगलुरु। कर्नाटक में हिजाब का मुद्दा एकबार फिर गरमा सकता है। शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा कि हिजाब पहनने वाली छात्राओं को 9 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, ''पिछले साल की तरह इस साल भी छात्र-छात्रों को स्कूल ड्रेस पहनकर ही परीक्षा देनी चाहिए। हिजाब पहनने वाले छात्राओं को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का पालन करना होगा। शिक्षण संस्थान और सरकार निर्धारित नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं।''

शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि हिजाब प्रतिबंध के बाद परीक्षा में बैठने वाले मुस्लिम छात्रों की संख्या में सुधार हुआ है। हालांकि उन्होंने अपने दावों को साबित करने के लिए कोई सटीक संख्या नहीं बताया है। मंत्री ने कहा, ''हिजाब पर प्रतिबंध के बाद अधिक मुस्लिम बहनें परीक्षा में शामिल हुईं। अब और अधिक मुस्लिम छात्राओं का नामांकन हुआ है।

गरमा-गरम

योजना ▶ पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय समेत उद्योग से जुड़े विभागों से मांगे गए सुझाव

प्रधानमंत्री मोदी ने दिया पर्यटन को बढ़ावा देने का नया मंत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल से देश में पर्यटन की एक नई तस्वीर उभरने वाली है। यह तस्वीर होगी देश के उन चुनिंदा पचास पर्यटन स्थलों की। जिसमें समुद्र तटीय, वन्यजीव, रोमांचकारी, सांस्कृतिक, हिमालयन और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे कई पर्यटन क्षेत्रों को चिह्नित कर पूरी दुनिया में आगे बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन क्षेत्रों पर विशेष जोर देने के लिए मंत्रालय के अधिकारियों को कहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने वेडिंग डेस्टिनेशन समेत देश में आयोजित होने वाले खेलों और अन्य आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी नीति निर्धारण करने को कहा है। पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के

अधिकारियों के मुताबिक अगले कुछ महीनों के भीतर ही ऐसे टूरिस्ट डेस्टिनेशन और भव्य तरीके से तैयार हो जाएंगे। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन पहले बजट के बाद पर्यटन के विकास को एक बड़े अभियान देने के लिए पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों, राज्यों समेत पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों से न सिर्फ देश में पर्यटन को नई गति देने के लिए सुझाव मांगे बल्कि उनको कई सलाह भी दी। पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में अलग-अलग तरह के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया है। इसमें डेस्टिनेशन वेडिंग से लेकर अपने देश में होने वाले बड़े आयोजनों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना प्रमुखता से शामिल है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर का उदाहरण देते हुए कहा कि फीफा वर्ल्ड कप से इस देश ने अपने पर्यटन को नई ऊंचाइयां दी। पर्यटन मंत्रालय के अधिकारी बताते हैं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2400 करोड़ का बजट पर्यटन के लिए

केंद्र सरकार ने पर्यटन मंत्रालय के लिए इस बार 2400 करोड रुपए का बजट में बंदोबस्त किया है। ताकि देश में पर्यटन को एक नई दिशा की ओर ले जाया जा सके। पर्यटन सचिव अरविंद सिंह कहते हैं कि पर्यटन मंत्रालय प्रधानमंत्री के देश को पर्यटन में अव्वल रखने वाले विजन को आगे बढ़ाने के लिए जुटा हुआ है। इस कड़ी में न सिर्फराज्यों की सक्रिय भागीदारी बल्कि सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से अभियान स्तर पर पर्यटन को बढ़ाया जा रहा है। सिंह के मुताबिक वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत जहां सीमावर्ती गांवों में पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। वही डेस्टिनेशन वेडिंग टूरिज्म समेत बड़े आयोजनों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संबंधित राज्यों और अलग-अलग मंत्रालयों के साथ समन्वय स्थापित कर रहे हैं।

देश की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम

देश में बढ़ रहे हैं पर्यटन के बारे में बात करते हुए पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी कहते हैं कि देश में कपड़ा उद्योग के बाद सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र पर्यटन क्षेत्र हो सकता है। इसलिए उनकी सरकार रोजगार के लिहाज से और देश की विरासत और संस्कृति को पूरी दुनिया के कोने कोने में पहुंचाने के लिए पर्यटन को हर स्तर पर आगे बढ़ा रही है। वो कहते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को आगे बढ़ाने के लिए जिन बिंदुओं का जिक्र किया है उसको उनके मंत्रालय के अधिकारी पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। रेड्डी कहते हैं कि जल्द ही पूरी दुनिया में भारत के पर्यटन को और नई ऊंचाइयां मिलने वाली हैं।

संपादकीय

अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग

2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सभी विपक्षी पार्टियों ने एक जुट होने की कवायद तो शुरू कर दी है लेकिन उनकी यह कोशिश मेंढको को तराजु में तौलने की तरह असंभव लग रही है। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय महत्वकांक्षा पालने वाले विभिन्न क्षेत्रिय दल अपनी अपनी ढपली पर अपना अपना राग अलाप रहे है। देश के लगभग आधा दर्जन राज्यों के मुख्यमंत्री खुद को भावी प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने लगे है। यही वजह है कि विपक्षी एकता की उनकी कोशिशें अभी तक सफल होती नहीं दिख रही है। इस बीच बसपा प्रमुख मायावती ने तो स्पष्ट कर दिया है कि उनकी बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी। इसका मतलब साफ है कि बसपा किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी। प्रधानमंत्री पद की एक और दावेदार बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भी कल ही एकला चलो रे की नीति पर चलने की घोषणा कर दी है। उनका भी कहना है कि तृणमूल कांग्रेस किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी और अपने बल बुते पर भाजपा का मुकाबला करेगी। इधर तेलंगाना के मुख्यमंत्री आर चन्द्रशेखर राव जिनका अगली बार तेलंगाना में सरकार बनाना और फिर से मुख्यमंत्री बन पाना ही असंभव है वे भी खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानकर चल रहे हैं और अन्य क्षेत्रिय पार्टियों से गठजोड़ कर तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद कर रहे हैं। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जरूर उनके समर्थन में आए है लेकिन यह बात किसी से छिपी नहीं है कि अरविंद केजरीवाल कि नजरे भी प्रधानमंत्री की कुर्सी पर टिकी हुई है। यह बात अलग है कि लोकसभा में आम आदमी पार्टी का इस समय एक भी सांसद नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतिश कुमार भी प्रधानमंत्री बनने के लिए छटपटा रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल ने और बिहार के कुछ छुट भैय्ये दलों ने नीतिश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। नीतिश कुमार जो अपनी जेडीयू को ही टूट से नहीं बचा पाई है वे विपक्षी पार्टियों को कैसे एकजुट कर पाएंगे। इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने तमिनाडू के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को विपक्षी की ओर से प्रधानमंत्री पद का सबसे उपयुक्त प्रत्याशी बनाकर विपक्षी दलों की बेचैनी पर बल डाल दिया है। इधर प्रमुख विक्षी पार्टी कांग्रेस प्रधानमंत्री पद के लिए अपना दावा ठोक रही है। कुल मिलाकर सभी विपक्षी पार्टियों की एकता की बेल मुड़ेर पर चढ़ती नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री पद को लेकर ही उनके बीच अभी से जो खींचा तानी चल रही है उसे देखते हुए यह नहीं लगता कि लोकसभा चुनाव के पूर्व सभी विपक्षी दल एकजुट हो पाऐगें। अभी यह तो सुत है ना कपास और जुलाहों में लट्ठम लट्ठा मचा हुआ है। ऐसी स्थिति में चुनाव के पूर्व कोई बड़ा गठबंधन बन पाना मुश्किल ही दिख रहा है। जिससे भाजपा को ही फायदा हो सकता है। बहरहाल अभी चुनाव में अभी एक साल का वक्त है इस बीच यदि अपनी महत्वकांक्षाओं को दरकिनार कर सभी भाजपा विरोधी राजनीतिक पार्टियां एकजुट होती है तो भाजपा के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। लेकिन ऐसा हो पाना फिलहाल तो कठिन ही लग रहा है। लोकसभा चुनाव के पूर्व पांच बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव होने है इन चुनाव के नतीजों के बाद ही विपक्षी पार्टियों की एकता के अभियान को गति मिलेगी। फिलहाल सभी राजनीतिक पार्टियां अभी तेल देख रही है और तेल की धार देख रही है।

हमें 'आप' से कोई भी मतलब क्यों होना चाहिए

श्रवण गर्ग

''27 अगस्त 2011 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक अप्रतिम अध्याय बनकर एक सौ बत्तीस करोड़ नागरिकों के हृदयस्थलों पर अंकित हो गया है। सत्ता के अहिंसक और शांतिपूर्ण हस्तांतरण की यह गूंज अब दूर-दूर तक सुनाई देगी। शर्त केवल यह है कि परिवर्तन की अगुवाई करने वालों की आँखों में बेईमानी का काजल नहीं बल्कि ईमानदारी का साहस होना चाहिए।'' क्या अंत में ऐसा ही हुआ? अन्ना कहाँ गायब हो गए ? अन्ना और केजरीवाल हकीकत में किन उद्देश्यों (या लोगों!) के लिए काम कर रहे थे ? क्या केंद्र से मनमोहन सिंह की सरकार को अपदस्थ करने में संघ-भाजपा की मदद के लिए ? खुद की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए ?

'आम आदमी पार्टी' के एक ख़ास नेता और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इस समय सीबीआई की हिरासत में हैं। शराब नीति से संबंधित एक मामले में जाँच एजेंसी द्वारा कथित तौर जुटाए गए अनियमितताओं के सुबूतों के आधार पर उनकी गिरफ़्तारी हुई है। कहा जा रहा है कि कार्रवाई की तलवार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिर पर भी लटक रही है। जाँच एजेंसियों के ज़रिए जिस तरह की राजनीति देश में इस समय चलाई जा रही है उसमें अब कुछ भी नामुमकिन नहीं बचा है !

सवाल यह है कि 'आप' के मामले में उस 'आम' आदमी की प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए जिसने कोई बारह साल पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में तब 74-वर्षीय किशन बाबूराव हज़ारे उर्फ़ अन्ना हज़ारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ चले आंदोलन ('इंडिया अगेंस्ट करप्शन') का अपनी संपूर्ण सामर्थ्य से समर्थन किया था और इंडिया गेट पर उम्मीदों की मोमबत्तियाँ जलाई थीं ? क्या नागरिकों को 2011 की तरह ही 'आप' नेताओं पर हो रही कार्रवाई के ख़िलाफ़ भी फिर से खड़े हो जाना चाहिए ? (शायद) नहीं ! चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए थोड़ा पीछे लौटना होगा।

बारह साल पहले की दिल्ली और उसके रामलीला मैदान का नज़ारा अगर याद किया जाए तो एक ऐसा माहौल बन गया था कि 1974 के बाद देश में एक नई जनक्रांति की शुरुआत होने जा रही है और उसके नायक केजरीवाल हैं।मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जब करतल ध्वनि के बीच अन्ना आंदोलन की अधिकांश माँगें संसद में मंज़ूर कर लीं तब रामलीला मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद मैंने लिखा था।

''27 अगस्त 2011 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक अप्रतिम अध्याय बनकर एक सौ बत्तीस करोड़ नागरिकों के हृदयस्थलों पर अंकित हो गया है। सत्ता के अहिंसक और शांतिपूर्ण हस्तांतरण की यह गूंज अब दूर-दूर तक सुनाई देगी। शर्त केवल यह है कि परिवर्तन की अगुवाई करने वालों की आँखों में बेईमानी का काजल नहीं बल्कि ईमानदारी का साहस होना चाहिए।'' क्या अंत में ऐसा ही हुआ? अन्ना कहाँ गायब हो गए ? अन्ना और केजरीवाल हकीकत में किन उद्देश्यों (या लोगों!) के लिए काम कर रहे थे ? क्या केंद्र से मनमोहन सिंह की सरकार को अपदस्थ करने में संघ-भाजपा की मदद के लिए ? खुद की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए ?

आंदोलन की समाप्ति के बाद केजरीवाल ने सुझाव दिया था कि मुझे भी 'आप' के साथ जुड़ जाना चाहिए। मैंने सहमति भी व्यक्त कर दी। हमारी दो बैठकें भी हुईं। इसी बीच 'आप' से जुड़े प्रमुख लोगों की (शायद) हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पालमपुर में कोई महत्वपूर्ण बैठक हुई



जिसमें आगे के काम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श होना था। पालमपुर बैठक से लौटने के बाद केजरीवाल ने मुझे फोन किया और अपने काम के साथ जोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर मेरी राय जानना चाही! राय जानने का मुख्य मुद्दा यह था कि 'आप' को चुनावी राजनीति में भाग लेना चाहिए या नहीं ?

केजरीवाल को मैंने उत्तर दिया कि 'आप' को चुनावी राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। रामलीला मैदान में चले आंदोलन के ज़रिए युवाओं की जो अभूतपूर्व शक्ति प्रकट हुई है उसे संगठित करके एक देशव्यापी आंदोलन में परिवर्तित किए जाने की ज़रूरत है। यह काम कोई राजनीतिक दल नहीं कर सकता।केजरीवाल ने मेरी बात पूरी सुनी और अंत में जवाब दिया कि वे शीघ्र ही फिर संपर्क करेंगे। यह उनसे आखिरी संवाद था।उन्होंने कोई संपर्क नहीं किया। बाद में जानकारी मिल गई कि पालमपुर बैठक में तय किया जा चुका था कि 'आप' चुनावी राजनीति में भाग भी लेगी और सरकारें भी बनाएगी।बाद में स्थितियां ऐसी बना दीं गईं कि प्रशांत भूषण और योगेन्द्र यादव जैसे सिविल सोसाइटी के कई प्रतिष्ठित लोगों को केजरीवाल का साथ छोड़ना पड़ा।

यह सब की जानकारी में है कि किस तरह दिल्ली में शीला दीक्षित की सरकार को गिराने में कांग्रेस-विरोधी ताक़तों की मदद करके केजरीवाल दिसंबर 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री बने। उसके कुछ ही महीनों बाद केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार भी चली गई और मोदी सत्ता में आ गए। आरोप है कि यूपीए सरकार की बर्खास्तगी के उद्देश्य से अन्ना के आंदोलन पर संघ-भाजपा से जुड़े लोगों का क़ब्ज़ा हो गया था। दिल्ली विजय के बाद केजरीवाल एक-एक कर उन तमाम राज्यों में पहुँचते गए जहां भाजपा के मुकाबले में खड़ी कांग्रेस को कमजोर किया जा सकता था। गोवा, उत्तराखण्ड, पंजाब, गुजरात इसके उदाहरण हैं।आरोप है कि पंजाब से लगे हिमाचल को छोड़ केजरीवाल इसलिए चुनाव लड़ने गुजरात पहुँच गए कि 'आप' की हिमाचल में उपस्थिति से नुक़सान कांग्रेस के बजाय भाजपा को पहुँच सकता था।

शाहीनबाग का शांतिपूर्ण आंदोलन हो या तबलीगी जमात के धार्मिक लोगों के ख़िलाफ़ किया गया दक्षिणपंथी संगठनों का दुर्भावनापूर्ण प्रचार और सरकार की द्वेषपूर्ण कार्रवाई ! या फिर दिल्ली के दंगों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ कथित पुलिस ज्यादतियाँ ! केजरीवाल हरेक मौके पर केंद्र के एजेंडे के साथ ही खड़े नज़र आए। भाजपा से लड़ने के लिए विपक्षी दलों के बीच एकता की कोशिशों से भी वे हमेशा दूरी बनाते हुए दिखे। भाजपा के सत्ता में आने के बाद जाँच एजेंसियों द्वारा कुल जितने अपराध कायम किए गए आरोप हैं कि उनमें 95 प्रतिशत से अधिक में विपक्षी नेताओं को ही निशाना बनाया गया।आम आदमी पार्टी पर आरोप है कि उसने कभी विपक्ष का बचाव नहीं किया। स्वयं के मामले में पार्टी अब 'विक्टिम कार्ड' खेल कर जनता की सहानुभूति प्राप्त करना चाह रही है !

पूछा जा सकता है कि इस समय जब केजरीवाल की हुकूमत पर प्रहार हो रहे हैं, दिल्ली की जनता 2011 की तरह 'आम आदमी पार्टी' के साथ क्यों खड़ी नजर नहीं आ रही है? अंत में सवाल यह है कि क्या 'आप' के कमज़ोर पड़ने से देश में विपक्ष की राजनीति पर कोई विपरीत असर पड़ सकता है? अगर 'नहीं' तो फिर हमें और विपक्षी दलों को 'आप' से कोई भी मतलब क्यों होना चाहिए?

आज का पंचांग (सोमवार 6 मार्च)

सूर्योदयः 06:47, सूर्यास्तः 06:17
चन्द्रोदयः 13:33, चन्द्रास्तः 28:20

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2079 (नल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : मघा, योग : आयुष्मान् (17:51 से सौभाग्य), प्रथम करण : वणिज (19:54 तक), द्वितीय : विष्टि (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद : मिथुन, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:06 से 12:52, सर्वार्थसिद्धि योग 12:43 से 30:41, रवियोग 06:42 से 12:43, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:11, गोधूलि मुहूर्त 18:14 से 18:39, सायाह्न सन्ध्या 18:16 से 19:31, निशिता मुहूर्त 24:04 से 24:54, राहुकाल 07:00 से 09:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 06:42 से 08:09, होमाहुति शनि, दिशाशूल दक्षिण, अग्निवास आकाश, भद्रावास स्वर्ग (19:54 से), चन्द्रवास पश्चिम, शिववास क्रीड़ा में

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - शुभ 2 - रोग 3 - उद्वेग 4 - चर 5 - लाभ 6 - अमृत 7 - काल 8 - शुभ
॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - अमृत 2 - चर 3 - रोग 4 - काल 5 - लाभ 6 - उद्वेग 7 - शुभ 8 - अमृत

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा : पश्चिम-दक्षिण (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम मघा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय,चतुर्थ चरण चरण अनुसार क्रमशः (मा, मी, मु मे) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:56 से 07:22, मीन - 07:22 से 08:45, मेष - 08:45 से 10:19, वृषभ - 10:19 से 12:14, मिथुन - 12:14 से 14:29, कर्क - 14:29 से 16:50, सिंह - 16:50 से 19:09, कन्या - 19:09 से 21:27, तुला - 21:27 से 23:48, वृश्चिक - 23:48 से 26:07, धनु - 26:07 से 28:11, मकर - 28:11 से 29:52

पञ्चक रहित मुहूर्त

चोर पञ्चक - 06:42 से 07:22, शुभ मुहूर्त - 07:22 से 08:45, शुभ मुहूर्त - 08:45 से 10:19, चोर पञ्चक - 10:19 से 12:14, शुभ मुहूर्त - 12:14 से 12:43, रोग पञ्चक - 12:43 से 14:29, शुभ मुहूर्त - 14:29 से 16:50, मृत्यु पञ्चक - 16:50 से 19:09, अग्नि पञ्चक - 19:09 से 21:27, शुभ मुहूर्त - 21:27 से 23:48, रज पञ्चक - 23:48 से 26:07, शुभ मुहूर्त - 26:07 से 28:11, चोर पञ्चक - 28:11 से 29:52, शुभ मुहूर्त - 29:52 से 30:41

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा प्रयास करने पर की काम बनते नजर आएंगे थोड़ा भी आलस्य पहले की मेहनत पर भी पानी फेर सकता है।

वृष : आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी किसी भी कार्य मे बुद्धि विवेक का कम ही इस्तेमाल करेंगे।

मिथुन : आज के दिन चंचलता मन पर हावी रहेगी दिन के आरंभिक भाग में अपने हास्य परिहास से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

कर्क : आज का दिन किसी न किसी रूप में हानि देकर जाएगा विशेषकर व्यावसायिक कार्यो में जदबाजी ना करें धोखा होने की संभावना है।

सिंह : आज के दिन आप अपनी छवि सुधारने का प्रयास करेंगे दिखावे की मानसिकता रहेगी जिससे व्यक्तित्व सुधारने की जगह लोग आपको चापलूस समझेंगे।

कन्या : आज का दिन सफलता दायक है दिन के आरंभ से ही लक्ष्य बनाकर धर्य से कार्य करे जो भी कार्य करेंगे उसमे थोड़ी बहुत परेशानी के बाद सफलता अवश्य मिलेगी।

तुलाः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा लेकिन आज आपको पूर्व में किसी की सहायता ना कर पाने का अफसोस भी होगा।

वृश्चिक : आज का दिन बीते कल की तुलना में विपरीत फलदायी रहेगा अपने रूखे व्यवहार के कारण जो लोग आपको सम्मान दे रहे थे वे ही मन ही मन कोसेंगे।

धनु : आज के दिन आपके घर मे किसी महिला का जिद्दी व्यवहार परेशानी में डालेगा अपनी जिद के कारण स्वयं शारीरिक एवं मानसिक कष्ट भोगेंगी।

मकर : आज का दिन सावधानी से बिताए लोगो को आपकी भले के लिये कही बात भी बुरी लगेगी स्वयं का पराक्रम भी आज कमजोर रहेगा।

कुंभ : आज के दिन आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा स्वयं को अन्य लोगो की तुलना में श्रेष्ठ दिखाने के चक्कर मे उल्टे हास्य के पात्र बनेंगे।

मीन : आज के दिन आपके ऊपर आवेश हावी रहेगा। बुद्धि विवेक रहने के बाद भी अपनी बात मनवाने के लिये किसी पर भी अनैतिक दवाब डालेंगे विशेष लाभ आज माता अथवा किसी अन्य स्त्री के सहयोग से होने की संभावना है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अंजीर खाने से ताकतवर बनते

अंजीर खाने से ताकतवर बनते हैं और बादाम खाने से दिमाग तेज होता है दोनों ही अफगानिस्तान में होते हैं वहां के बेवकूफों का हाल तो पता ही है इसलिए अंजीर और बादाम से मेरा विश्वास उठ गया है अडानी, अंबानी, मोदी और शाह को देखते हुए लगता है कि ढोकला, थेपला, फाफड़ा ही सही हैं।

कुमार संतोष

मुझ पर तुमने उपकार किया मेरी

मुझ पर तुमने उपकार किया मेरी अर्जी को स्वीकार किया नतमस्तक हूँ तेरी दाता बेटी देकर श्रृंगार किया. वो बनेगी इकदिन खुद जननी कैसा यह आविष्कार किया बस नाम करे कुल का रौशन सबने ही प्यार दुलार किया।

जे डी कुदाल

खास पाती

तेरी यादों में रहते-रहते खुद

तेरी यादों में रहते-रहते खुद से ही अनजान हुए तुम हमसे जो दूर हुए मन भावों से बेजान हुए।। जीवन तुम बिन सूना सूना सब कुछ हमसे दूर हुआ। जनम जनम के बंधन टूटे मेरे अपनें मुझसे दूर हुए।। मेरी सांसे तुम्हे पुकारें ये तन मन तेरे नाम हुए। तुमको खोया तो ये जाना मुश्किल सारे काम हुए।। तुम से मेरी दुनियां जगमग बिन तुम रात अमावस सी। विरह में तेरे मीरा बन इस जग से अनजान हुए।। मेरे गीतों में जीवित हो तुम शब्द शब्द में बसते हो। कैसे जिएं जरा बतलाओ तुम बिन बस नाकाम हुए।। तेरी बातें याद करूं तो मुस्कराहट आ जाती मुख पर। बावली कहकर लोग पुकारे हम जग में बदनाम हुए।। पीड़ा अपनी किसे बतलाऊं खुद को बस बेबस पाऊं। तुमको खोया तो ये जाना हम तो बस श्मशान हुए।। **रश्मि यादव**

ख्वाब नही देखती मैं ख्वाब

ख्वाब नही देखती मैं ख्वाब देखती मुझे चाहती रूलाना मुझे फिर खुद ही रो देती है क्या मांगेगी रब से ये सोच सिसकती सदा ना मांगना ना चाहना क्या ना देकर रूलाए मुझे ना छीनने को धन है ना देने को झोली खाली ना कोई ख्वाब है ना कोई आसरा ऐ वक्त जरा बोल तो गीला करेगा कैसे दामन हो या रूमाल मेरा। बस यूं ही। **प्रीति श्रीवास्तव**

कुछ खो जाने या कुछ ना पाने

कुछ खो जाने या कुछ ना पाने का गम हर दिन, हर किसी को एकबार जरुर सालता है निचोड़ है ये अंर्तमन की आहों का जिसका ठहरना संभव नहीं होता और बाँध टूट जाता है किसी न किसी बहाने से ये आँखे खुद को सूख जाने से बचा लेती है...।

सपना चन्द्रा

मिल सको तो प्रेम तुम उस ठौर

मिल सको तो प्रेम तुम उस ठौर मिलना हो नहीं जिस ठौर कोई भी अपेक्षा।। मत उलझना प्रेम की बेसुध लिखावट में और ना पतझड़ सरीखी खड़खड़ाहट में मौन छाना क्षितिज पर, फिर लौट आना सूर्य के आलोक में ले धूप सी प्रेमिल तितिक्षा।। हो सके तो हर छुअन से मुक्त रहना पर नहीं करना किनारा, हवा-से नजदीक बहना फूल को भी लग सके ना चोट लेकिन पर सुगंधित ओज लेकर लौटना बनकर शुभेच्छा।। पुलक में हंसना खुशी में साथ देना पर नहीं प्रतिदान में मन को लगाना जलज में जल है मगर दिखता जलज ही प्रेम तुम सम्पूर्ण की करना समीक्षा।। गीतकार मित्र क्षमा करेंगे अगर गीत में किसी नियम का उलंघन हुआ हो क्योंकि बहुत दिनों बाद गीत ने मुझे याद किया है। **कल्पना मनोरमा**

प्यार को हथियार न बनाओ रे

प्यार को हथियार न बनाओ रे तुम, हराने के लिए प्यार में जीत नहीं होती कभी, मसीहा जताने के लिए हार का हार भी पहने हैं लोग हँसते हुए, इसे समझो हार में जीत छिपी रहती है, ज़िन्दगी चलाने के लिए।

केदारनाथ शब्द मसीहा

मन के मंदिर में जश्न सा लगा

मन के मंदिर में जश्न सा लगा है जब से तु आंखों से दिल में उतरा है धडकनें दिल में जलजला सी बनी है जबसे उन्होंने रुख से पर्दा उठाया है एक चिराग था जो यूँ भी बूझ गया दरीचे में उसने जो चिलमन गिराया है। आज तुम से कह दूँ वो अनकही बातें भी इंतजार में बहे अश्को का तुमने जो सिला दिया है जब ना रहेंगे तो याद करेगा मुझे जमाना तडपेंगे वो भी जिसने मुझे अक्सर रुलाया है। **डेज़ी जासवाल**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 मार्च की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं...1508 बाबर के बेटे हुमायूं का अफगानिस्तान के काबुल में जन्म। 1712 न्यूयॉर्क शहर में दास विद्रोह शुरू हुआ। 1714 रास्टट की शांति फ्रांसीसी सम्राट चार्ल्स सहावा हैब्सबर्ग ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया। 1836 अलामो की लड़ाई समाप्त हुई, 182 टेक्सन आबादकार सैनिकों के लगभग 5,000 मैक्सिकन सैनिकों के साथ संघर्ष में निधन हो गया। 1886 नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई। 1900 वेस्ट वर्जीनिया, यू.एस.ए. में हुए एक कोयला खान विस्फोट में 50 खनिक मारे गए। 1902 स्पेन में मैड्रिड क्लब की स्थापना हुई। 1902 रियल मैड्रिड सी.एफ फुटबॉल क्लब के रूप में स्थापित हुआ। 1921 पुर्तगाली कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। 1960 स्विट्जरलैंड ने स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं को मतदान करने का अधिकार दिया। 1961 भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनॉमिक टाइम्स' टाइम्स ऑफइंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश अपना त्यागपत्र किसे देता है?
2) मध्यप्रदेश के किस जिले में ओरछा महोत्सव आयोजित होता है?
3) 1857 की क्रांति में मध्यप्रदेश के नरसिंहगढ़ के प्रमुख नेता कौन थे?
4) कौन सा देश अपने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र सहित डाक टिकट जारी करेगा?
5) किस देश ने हाल ही में विश्व का पहला डुअल-मोड वाहन पेश किया है?

उत्तरमाला-(1) राष्ट्रपति (2) निवाड़ी (3) चैनसिंह (4) श्रीलंका (5) जापान

प्रेरक प्रसंग : दोहरी भूमिका

बहू...! तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई अपनी सीमा लाँघने की। तुम कौन हो, क्या हो , तुम्हें समझना चाहिए। जाओ, घर के अंदर; और हाँ, आज अपने कमरे से बाहर नहीं निकलना। नंदा जी ने अपनी मँझली बहू ऋतु को आँखें तरेरती हुई बोली। सासू माँ की दबंगई देख ऋतु काँप गयी। झट से वह कमरे के अंदर चली गयी। दोष उसका इतना था कि उसने बार-बार मना करने पर भी 'होली है भाई होली है...बुरा न मानो होली है...मँझली भाभी होली है...' कहते हुए अपनी नंनद प्रिया को अपने माथे व दोनों गालों पर गुलाल लगवाने से नहीं रोक पाया था। तुरंत प्रिया बोली- माँ जी! आखिर मँझली भाभी के लिए इतना पाबंदी क्यों? वह भी तो जीती-जागती इंसान है, कोई बेजान वस्तु तो नहीं। गीतू..., तू भी इधर आ। दिन भर मम्मी से चिपकी रहती है। चल मैं तुम्हें तुम्हारी सहेलियों के पास ले चलती हूँ होली खेलने। प्रिया गीतू को लेकर घर से निकल ही रही थी कि नंदा जी ने प्रिया की बाँह पकड़ कर उसे झटकारा- बेवकूफ लड़की, अब तू इतनी बड़ी हो गयी कि मुझसे जुबान लड़ाएगी, मुझे समझाएगी। इस घर में किसे क्या करना है, ये मैं तय करूँगी, तू नहीं, समझी। नंदा जी का तेवर देख घर के सभी सदस्य दुबक गये। किसी ने भी कुछ कहना उचित नहीं समझा। बरामदे पर खड़ी नंदा जी फंकार रही थी- हाँ...., सभी ध्यान से सुनें मेरी बात। ऋतु होली के रंग-गुलाल से बिल्कुल दूर रहेगी, क्योंकि वह विधवा है। जिसका पति नहीं, उसका कुछ नहीं। यह सब व्यर्थ है उसके लिए। उसे अपने तन तो क्या, आँचल को भी रंगने से बचाना है। सादे लिबास का दायरा ही अब उसका घर-संसार है। नंदा जी खामोश हुई। दूसरे दिन भाईदूज था। मालवीय नगर के लोहिया कॉलोनी में महिलाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। उस भव्य समारोह में चीफ गेस्ट थी- मिसेज़ नंदा ठाकुर। उनका चीफगेस्ट होना लाजिमी था, महिला बाल विकास समिति का अध्यक्ष जो थी। फुलमालाओं से लदी मिसेज़ नंदा जी अपने मुख्यातिथ्य उद्बोधन में कह रही थीं- मेरी प्यारी बहनों! हम इक्कीसवीं सदी की महिलाएँ हैं। हम भी स्वंतत्र भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं। वो दिन अब हवा हुए, जब औरतें परवश होकर जीवन जीया करती थीं।

टीकेश्वर सिन्हा, गब्दीवाला, बालोद

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -361

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 360 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	र्रा
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

संभावनाओं को
साकार करेगा बजट
छत्तीसगढ़ शासन
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
आज पेश करेंगे
छत्तीसगढ़ बजट 2023
दोपहर 12.30 बजे से
छत्तीसगढ़ के
भरोसे का बजट
2023
स्कैन करके
LIVE देखें
संवाद - 35851
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
जनसम्पर्क

न्यूज गैलरी

पुजारी की मंदिर में हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के थाना मिरतुर के नजदीक शिव मंदिर के पुजारी रामा कड़ती की धारदार हथियार से मंदिर में पूजा के दौरान हत्या कर दी गई। मंदिर पुजारी रामा कडती की हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है, मौकै से कोई सबूत नक्सली वारदात के नही मिले है। बावजूद इसके इस हत्या के पीछे नक्सली वारदात की भी आंशका जताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पुजारी रामा कड़ती शिव मंदिर में पूजा कर रहा था। इसी दौरान 03 लोग कुल्हाड़ी लेकर मंदिर पहुंचकर पुजारी के सिर में कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में पुजारी रामा कड़ती की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की वारदात को शनिवार देर शाम 08 बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुलिस इस हत्या का कारण आपसी रंजिश व वाद-विवाद मानकर जांच कर रही है। मौके पर पुलिस पहुंचकर पुजारी का शव मिरतुर थाना लाने के बाद कार्यवाही उपरांत रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि मंदिर पुजारी रामा कडती की हत्या 4-5 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। उन्होने बताया कि अभी मौकै से कोई सबूत नक्सली वारदात के संबंध में नही मिले है। इसलिए नक्सली घटना कहना जल्दबाजी होगी।

नक्सलियों ने पर्चा जारी कर नेताओं के हत्या की धमकी दी, लोगों में दहशत

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के ओरछा और कुकड़ाझोर में नक्सलियों ने बैनर चिपकाकर नक्सली दहशत फैलाने की कोशिश की है। नक्सलियों ने तीन जनप्रतिनिधियों के नाम लिखकर उनके नाम अपनी अंतिम चेतावनी छोड़ी है।

साथ ही साथ दूसरे पर्चे में ग्रामीणों को आखिरी चेतावनी दी गई है। नक्सलियों ने जिले में दो अलग अलग जगह बैनर पोस्टर और पर्चे फेक कर चेतावनी दी है। इसमें विकासखंड ओरछा के साप्ताहिक बाजार में नक्सलियों ने पर्चे फेंके। जिसमें छोटेडोंगर के सरपंच हरिमाझी, बैदराज और कोमल मांझी को गलती स्वीकार नहीं करने पर नेता सागर साहू के जैसे जान मारने की धमकी नक्सलियों के पूर्वी बस्तर डिविजन कमेटी ने दी हैं। शनिवार को पोस्टर बैनर जारी कर नक्सलियों ने यह धमकी जारी की है।

केशकाल घाट पर आए दिन लग रहा जाम 8 सालों से अधूरा पड़ा है बाईपास का काम

कोंडागांव/नवप्रदेश। । केशकाल घाट बस्तर का प्रवेश द्वार है. 12 मोड़ों की इस सर्पीली घाटी को फूलों की घाटी के नाम से भी जाना जाता है। खूबसूरत टाटामारी पर्यटन केंद्र व 9 से अधिक जलप्रपात से घिरे केशकाल घाट पर अब जाम होना आम बात हो गई है। आपको बता दें कि केशकाल बाईपास को लेकर युद्ध स्तर पर काम प्रारंभ किया गया, लेकिन 8 वर्षों से काम अधूरा ही पड़ा है। भारी वाहनों के लगातार आवागमन के साथ ही घाट के मोड़ पर वाहनों के पलटने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिसके चलते मुसाफिरों को घंटों घाट पर रुकना पड़ रहा है. केशकाल बाईपास को लेकर युद्ध स्तर पर काम प्रारंभ किया गया, लेकिन 8 वर्षों से काम अधूरा ही पड़ा है.

नारायणपुर जिले में गिट्टी के नए खदान के चलते ट्रकों की भारी आवाजाही बढ़ चुकी है, जिसके चलते रात्रि में सफर कर रहे वाहन ओवरटेक के चलते जाम की स्थिति निर्मित कर देते हैं. यातायात को बहाल करने पुलिस बल घंटों मशक्कत करते नजर आते हैं।

चूल्हे पर पक रहे चावल के गंज में गिरा मासूम, बुरी तरह झुलसा, हालत गंभीर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां स्थित एक पोटाकेबिन में चूल्हे पर रखे चावल के गंज में 5 साल का मासूम गिरकर बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद अफसर मौके पर पहुंचे। वहीं बच्चे का इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला बीजापुर जिले के उसूर पोटाकेबिन का है। यहां पढ़ने वाले छात्र मुचाकी हड़मा शुक्रवार की शाम को हादसे का शिकार हो गया। बच्चा किचन में चूल्हे के पास पहुंचा और अचानक उसका पैर फिसल गया। इससे वह चूल्हे पर रखे चालव से भरे गंज में गिर गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। बताया जा रहा है कि हादसे के कुछ देर पहले की चूल्हे पर चावल पकाने के लिए रखा गया था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली विभागीय अफसर मौके पर पहुंच गए। पहले बच्चे को उसूर के अस्पताल पहुंचाया गया। यहां शुरुआती इलाज के बाद उसे बीजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

100 दिनों से लापता महिला की मिली लाश

जगदलपुर/नवप्रदेश। बकावंड विकासखंड के उमर गांव स्थित जंगल में एक महिला की गली हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया। महिला की लाश फंदे में लटकी हुए पाई गई, मामले की सूचना मिलते ही बस्तर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। वहीं, महिला की शिनाख्त घाटलोहगा निवासी के रूप में हुई है।

बस्तर थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने पुलिस को बताया की उमर गांव के झेपड़ा जंगल में एक महिला की सड़ी-गली लाश फंदे पर लटकी हुई है। जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए महिला की शिनाख्त शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को महिला की शिनाख्त घाटलोहगा निवासी नीरवती 40 वर्ष के रूप में हुई। वहीं, जांच के दौरान पुलिस को पता चला की महिला की दिमागी हालत करीब एक वर्ष से खराब चल रही थी। महिला के द्वारा 2 शादी किए जाने की बात भी सामने आई। महिला अपने दोनों पति को छोड़कर अपनी 20 वर्षीय बेटी के साथ भाई कवल बघेल के साथ घाटलोहगा में रह रही थी। 22 नवंबर को महिला घर में किसी को कुछ बताए बिना चली गई। महिला के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, जहां महिला का कोई भी पता नहीं चलने पर परिजनों ने इसकी रिपोर्ट बस्तर थाने में दर्ज कराई थी।

10 वीं बोर्ड की अंग्रेजी परीक्षा संपन्न

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2023 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 4 मार्च को अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें रायगढ़ एवं जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ को मिलाकर 18 हजार 770 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 17 हजार 959 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 811 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

बड़े रामपुर में न फेंके कचरा, उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

रायगढ़/नवप्रदेश। जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा बड़ेरामपुर में कचरा संग्रहण स्थल के कचरों का निपटान पूर्ण रूप से किया गया है, इस स्थल पर उद्यान बनाया जाना प्रस्तावित है। शहर के आम नागरिकों एवं संस्थानों से अनुरोध है कि उक्त स्थल पर कचरा, अपशिष्ट इत्यादि ना फेंके, अन्यथा नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

जंगलों में धड़ल्ले से चल रही है अवैध पेड़ कटाई व कोयला उत्खनन

■ वन विभाग की खामोशी से उठ रहे सवाल

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। वन मंडल मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत मनेंद्रगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगली कोयले का अवैध व्यवसाय इन दिनों काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। कई वर्षों से बड़े पैमाने पर अनवरत जारी यह गोरख धंधा बड़ी सुर्खियां बटोर चुका है। बावजूद इसके मनेंद्रगढ़ वन मंडल के अधिकारी कर्मचारी इसे बंद न कराकर शायद इसमे अपनी सहभागिता दर्ज करा चुके हैं तभी तो बेरोंक टोंक और बेधड़क सिद्ध बाबा पहाड़ी के नीचे और हल्दीबाड़ी सहित मध्यप्रदेश राज्य के सीमा के जंगलों से टनों अवैध कोयला रोज निकाला जा रहा है।आप सभी को जानकर हैरानी होगी की ऐसी जगहों पर फारेस्ट स्टाफ द्वारा कभी दौरा नही किया जाता।पूर्व में इसी बीट और सर्किल अंतर्गत एक कोयला चोरी करने वाले युवक की खदान में दबकर मौत भी हो गई थी जिसे वन मंडल द्वारा छुपा दिया गया था।वही अब कार्यवाही नही होने से सायद वन विभाग को किसी दुर्घटना का इंतजार है कार्यवाही के लिए यह जिले में चरचा का

विषय बना हुआ है ।

जानकारी अनुसार वन मंडल मनेन्द्रगढ अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ व बिहारपुर आने वाले हरे-भरे जंगल की चारों ओर पेड़ों की अवैध कटाई एवं कोयला उत्खनन का खेल जोरों पर चल रहा है। विभाग द्वारा की जा रही लापरवाही से वह दिन अब दूर नहीं होगी की बगैर पेड़ पौधों के जंगल अपने अस्तित्व की तलाश करेगी । प्रतिदिन हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ाई जा रही है। जिसे रोकने की बजाय वन विभाग चुप्पी साधे हुए है। पूर्व में छापामार कार्रवाई कर स्वयं की कितनी भी पीठ थपथपा ले विभागीय अधिकारी लेकिन कड़वा सच कुछ और ही है। जंगल से कटाई करने के पश्चात घरों तक लकड़ी तस्करी की जाती है।इस दौरान विभागीय उप वन मंडल अधिकारी सहित कुछ कर्मचारी मुख्यालय से दूर अपने निजी घरों में कुंभकर्णीय निद्रा में रहते हैं। वही तीन अधिकारियों की जुगल बंदी से कमीशन की आड़ में यह खेल इस वर्ष भी जिले में हावी है जिससे जंगलों में पेड़ो की कटाई रोकने के पक्ष में छापामार कर कार्यवाही नहीं करना लकड़ी तस्करों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अच्छी सेटिंग से कुछ अधिकारियों की उसी जिले के निवासी होने के साथ एक उप वन मंडल अधिकारी के वर्षो से एक ही स्थान में पोस्टिंग व प्रमोशन से उसी स्थान पर होने से अवैध कोल तस्करी व पेड़ कटाई को लेकर लगातार हो रही वृद्धि से अधिकारी के वन सीमा में मॉनिटरिंग को लेकर छेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हैं कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी हैं पूर्व में शिकायतों के पश्चात भी इनकी दुबारा प्रमोशन पोस्टिंग उसी स्थान के जिले पर हो गई जिसे लेकर सवाल उठना लाजमी हैं !

वहीं दूसरी ओर मनेन्द्रगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत अवैध कोयला खनन करने ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। कोयला निकालने के लिए बंद खदान की खंदकों में सुरंगें बनाकर और सकरे रास्तों से गुजरने का जोखिम उठा रहे हैं। जिससे एक ओर खड़ी पहाड़ी और दूसरी और गहरी

> समय समय पर जाँच व प्रभारी रेंजर को कार्यवाही करने हेतु निर्देश किया गया हैं वही पुराने एसईसीएल के माइंस को क्लोज करने के लिए पिछले वर्ष एसईसीएल को लेख किया गया कुछ को बंद भी किया गया था यदि अवैध उत्खनन हो रहा होगा तो एसईसीएल का सहयोग लेते हुए इस तरह के सभी सुरंग को बंद किया जाएगा। अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर प्रकरण दर्ज करके नियमानुसार कार्यवाही भी किया जायेगा जिस संबंध में प्रभारी रेंजरों को निर्देश दिया गया हैं ।
>
> **के एस कवर** , मनेन्द्रगढ़,
> केल्हारी उप वन मंडलाधिकारी

खंदक जिसमें अथाह पानी भरा रहता है। फिर भी चन्द रुपयों के लालच में ग्रामीण कोयला बोरियों में भरकर बाहर सप्लाई कर रहे है।

कोयले के अवैध कारोबार में सैकड़ों लोगों का जीवन दांव पर लगा हुआ है क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर खुलेआम अवैध कोयला उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों गरीब परिवार के लोगों को लालच देकर जोखिम का कार्य कराया जा रहा है। अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के जवाबदार अधिकारी एक दूसरे की जिम्मेदारी बता कर पल्ला झाड़ते है।

गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़ जिले के अंतर्गत वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ अन्तर्गत क्षेत्रों में पहाड़ियों के वनों से अवैध कोयला उत्खनन कर अवैध ईट भट्ठा में व्यापक पैमाने पर धड़ल्ले से चल रहा है और महंगे दामों में बेचा जा रहा है अवैध कोयला उत्खनन कर वाहनो से रातों रात नजदीक के ईट भट्ठो में बेचा जा रहा है।फिर भी वन विभाग के प्रभारी अधिकारी अंजान हैं ।जब कि कोयलांचल में बारिश के बाद अवैध कोयला उत्खनन का कारोबार भी शुरू हो जाता है। क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन के दौरान कई लोग अपनी जान गंवा चुके है। इसके बाद भी वन विभाग एवं स्थ्रष्टरु यहां अवैध उत्खनन को बंद कराने में सफल नहीं हो रहा है।

अब देखना यह होगा कि धरातल में ये कार्यवाही कब तक नजर आती है। या फिर किसी हादसे का इंतजार विभाग करता है ये तो समय ही दिखायेगा।

एसडीएम ने फौती राजस्व प्रक्रियाओं की दी जानकारी

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी विकासखण्डों में एक-एक दिवसीय सूचना शिविर का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में आखिरी शिविर विकासखण्ड पाली के ग्राम हरदीबाजार में आयोजित हुई। एसडीएम पाली शिव बनर्जी ने शिविर में शामिल होकर शिविर में मौजूद लोगों को विभिन्न राजस्व प्रकरणों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने फौती, बंटवारा, नामांकन, सीमांकन एवं जाति प्रमाण पत्र आदि राजस्व प्रक्रियाओं की जानकारी सरल तरीके से देते हुए इसके लिए आवश्यक दस्तावेज और जरूरी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। एसडीएम बनर्जी ने ग्रामीणों को वन संसाधन अधिकार पट्टा प्राप्त करने की प्रक्रिया और उसके लाभ के बारे में भी लोगों को बताया। लगभग एक घंटे तक दिए अपने वक्तव्य में उन्होंने शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर सभी विभागों की योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील लोगों से की। इस दौरान जनपद सदस्य अनिल टण्डन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा रामसरण, जिला पंचायत पाली के सीईओ विरेंद्र राठौर, तहसीलदार हरदीबाजार रवि राठौर सहित गांव के सरपंच और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा सूचना शिविर का आयोजन किया गया। सूचना शिविर से लोगों को योजनाओं और उसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी से संबंधित प्रचार पुस्तिकाओं जैसे हमर माटी हमर कलेवा हमर तिहार, भेट मुलाकात आपके साथ आपकी बात, न्याय के चार साल, जनमन पत्रिका एवं संबल आदि पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। सूचना शिविर में शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, राजस्व, कृषि, वन, विद्युत विभाग एवं क्रेडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर लोगों को अपनी-अपनी विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सूचना शिविर में लोगों को गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, महिला कोष, हाफ बिजली बिल योजना, वृक्ष संपदा योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह'' के अवसर पर तालुक विधिक सेवा समिति कटघोरा के द्वारा महिला संबंधित विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा जिला कोरबा के निर्देशानुसार अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति कटघोरा के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से 04 मार्च 2023 से 11 मार्च 2023 तक ''अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह'' मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन नया बस स्टैण्ड कटघोरा स्थित पशु चिकित्सालय प्रांगण में किया गया। उक्त शिविर में रमेश चौहान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 एवं राहूल शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02 कटघोरा, अधिवक्ता शिवशंकर भारती एवं अधिवक्ता कु. संतोषी निशाद उपस्थिति रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं से संबंधित कानूनी जानकारी जैसे-घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा, दहेज निवारण कानून, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव निदान(पी.एन.डी.टी.) एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एसिड अटैक, मातृत्व लाभ अधिनियम, बलात्कार एक अपराध, रखरखाव कानून एवं निःशुल्क विधक सहायता से संबंधित जानकारी दी गयी। उक्त शिविर में 70 प्रतिभागी महिलाओं को माहिलाओं के कानून से संबंधित बुक एवं कीट (पेन, पैड, महिला कानूनी संबंधित पॉम्पलेट) देकर सम्मानित किया गया। उक्त शिविर में पी.एल.व्ही. प्रमोद अग्रवाल एवं प्रद्यूम्न यादव तालुक विधिक सेवा समिति कटघोरा के द्वारा उक्त कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से प्रदेश कांग्रेस को मिला नया संचार

■ कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हुए कांग्रेस अधिवेशन के बाद कांग्रेस कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

उक्त बाते कांग्रेस के पूर्व ज़िला अध्यक्ष पर्यटन मंडल सदस्य छत्तीसगढ़ शासन नरेश ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ में हाल में हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53 वे अधिवेशन के दौरान कार्यकम में पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश उत्साह भर दिया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भी मजबूत स्थिति में पहुच चुकी है।

छत्तीसगढ़ में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में असल छत्तीसगढ़ गरीब किसान आमजनो की सरकार है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश की जनता जनार्दन का कांग्रेस सरकार पर पूरा भरोसा विश्वास है आगामी विधानसभा चुनावों में पुनः कांग्रेस सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में विपक्ष पार्टी का पुरे प्रदेश से सफाया तय माना जा रहा है।

विपक्षी पार्टी भाजपा मुद्दा विहीन हो चुकी है। आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के पास कोई भी मुदा चुनाव लडने नही है। भाजपा की स्थिति खिसयानी बिल्ली खंभा नोचने वाली स्थिति हो गई है।छत्तीसगढ़ में हुए कांग्रेस अधिवेशन के बाद भाजपा के नेता अपना आपा खो चुके है।बौखलाई भाजपा कांग्रेस सरकार पर अनर्गल बयान बाजी कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता जनार्दन भाजपा की ओछी मानसिकता को जान चुकी है। प्रदेश की जनता मुख्यमत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और राष्टीय नेतृत्व पर भरोसा कर पुनः कांग्रेस सरकार बनाने में मदद करेगी।

कलेक्टर ने नेत्र सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता के लिए दृष्टि रथ और मोटरसायकल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना'

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शनिवार को नेत्र सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के लिये दृष्टि रथ तथा मोटरसायकल रैली को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट बैकुण्ठपुर से रवाना किया। एसोसिएशन ऑफ कम्यूनिटी ऑफ्थेल्मोलॉजिस्ट ऑफ इन्डिया के सौजन्य से तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर के मार्गदर्शन में यह जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के संस्थापक एवं महासचिव डॉ. स्वपन कुमार सामंता, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष नेत्र रोग विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ विशेष रूप से उपस्थित थे। दृष्टि रथ तथा मोटरसायकल रैली द्वारा बैकुण्ठपुर नगर भ्रमण के पश्चात ग्राम बुढ़ार में प्रचार-प्रसार किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ार में ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को डॉ. सामंता द्वारा अपने नेत्रों को कैसे सुरक्षित रखा जाये की जानकारी दी गई। इसके पश्चात ग्राम कुडेली एवं सरभोका में दृष्टि रथ का आगमन हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली में छात्रों को डॉ. सामंता द्वारा नेत्र रोगों तथा नेत्र सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। छात्रों को भी नेत्र सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत करने प्रोत्साहित किया गया तथा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस जनजागरूकता के कार्यक्रम में डॉ आशीष करन, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. के. एल. ध्रुव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. बलवंत सिंह नेत्र सर्जन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी पटना, डॉ. तोमर बरपारा, श्री एस.एस. मरावी, श्री गणेश गौतम, श्री विरेन्द्र साहू, श्री पुष्पेन्द्र पटेल, श्री नागेन्द्र पटेल, श्री परमेश्वर राजवाड़े, श्रीमत्ती मोमना खातून, श्रीमती सोनिका मरावी, सुश्री अनित्ता, सुश्री कांक्षी मिंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना के अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का विशेष योगदान रहा।

कार्य में धीमी प्रगति और गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

किसी भी गांव से शिकायत आने पर की जायेगी कड़ी कार्यवाही

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांश्री योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, इन कार्यों में धीमी प्रगति और गुणवत्ता को लेकर समझौता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन, इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विगत दिनों दौरे के दौरान कार्यों की गति धीमी एवं गुणवत्ता में कमी पाई गई थी। उन्होंने टीपीआई के कार्यों को गुणवत्ता में समझौता पर गहरी नाराजगी जताते हुए, बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईएसए एजेंसी द्वारा किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 6 माह पश्चात ग्राम पंचायत के कार्यों का संचालन करना है, ऐसे स्थिति में एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्य दिखाई नहीं दे रहे है, उन्होंने जागरुकता कार्यक्रम के लिए जनपद सीईओ से समन्वय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गांवों में सरपंच, सचिव, स्व-सहायता समूह की बैठक एवं सम्मेलन आयोजित करें, जिससे ग्राम पंचायतें जागरूक हो साथ ही बिजली बिल व्यवस्था, प्लंबर एवं आवश्यक मैन पावर को भी प्रशिक्षित किया जाए। जिससे पंचायतें जल जीवन मिशन के कार्यों को आगामी दिनों में बेहतर व सुचारु संचालन कर सकें। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिए कि एग्रीमेंट के हिसाब से कार्य करें, कहीं भी लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने ईई पीएचई को कार्य न करने वाले एजेंसियों का भुगतान रोकने के भी निर्देश दिए। बैठक में ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, जनपद सीईओ पुसौर महेश पटेल, उप अभियंता, सहायक अभियंता, ठेकेदार, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सुविधा के कार्य में न बरतें लापरवाही

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गांवों में पानी पहुंच जाने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। यह जनसुविधा आधारित कार्य है, इसलिए इस कार्य में लापरवाही न बरतें इसे प्राथमिकता एवं पारदर्शिता के साथ करें। घरों में पानी पहुंचने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों का मूल कारण दूषित पानी है, शुद्ध पेयजल पहुंच जाने से कई बीमारियां खत्म हो जायेगी।

थर्ड पार्टी एजेंसी के कार्यों का करें मॉनिटरिंग

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने सभी एजेंसी को लॉक बुक भरने के निर्देश दिए, जिससे कार्यों की जानकारी हो सके। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायत सीईओ मिश्रा को थर्ड पार्टी एजेंसियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक लेने के निर्देश दिए। जिससे एजेंसियों के कार्य प्रगति की जानकारी हो सके। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कार्यों का निरीक्षण करने के

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ बजट 2023-24 का लाइव

पुराने कम्यूनिटी हाल में एलईडी के माध्यम से होगा प्रसारण

कांकेर/नवप्रदेश। आज 06 मार्च दिन-सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा वर्ष 2023-24 का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा. इस संबंध में जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 06 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से पुराना कम्युनिटी हॉल कांकेर में उक्त बजट के लाइव प्रसारण को एलईडी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। जिसमें जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेसजन, सेवादल, महिला कांग्रेस,किसान कांग्रेस समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, विधायकगण, आयोग/ निगम/मंडल/ प्राधिकरण के पदाधिकारी, पूर्व विधायकगण , पार्षद/पूर्व पार्षद, जिला पंचायत/जनपद सदस्य के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस हस्द्ध के पदाधिकारी/ कार्यकर्ता,जोन सैक्टर बूथ सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी/कार्यकर्तागण सहित आम नागरिको को भी 06 मार्च को प्रातः 10.30 बजे पुराने कम्युनिटी हाल कांकेर में विधानसभा में बजट की कार्यवाही का एलईडी के माध्यम से देखने के लिए उपस्थित होने की अपील की गई है।

पैरालंम्पिक जुडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता टीम रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पैरालंपिक जूडो महासंघ द्वारा 11वी राष्ट्रीय मूक-बधिर एंव दृष्टिबाधित जडो प्रतियोगिता के.डी.सिह बाबु स्टेडियम लखनउ उत्तर प्रदेश मे आयोजित की जा रही है उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ के 32 सदस्य दल लखनऊ के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ पैरालंपिक जूडो संघ के महासचिव शेख समीर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मूकबधिर एंव दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ी गत 10 वर्षों से राष्ट्रीय जुड़े प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं यह उनकी 11वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। विगत वर्ष 10वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 2 स्वर्ण समेत 7 पदक प्राप्त किया था। इस प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों से काफी पदक की उम्मीद की जा रही है । दिव्यांगों के लिए जूड़ो एक खेल के साथ-साथ एक आत्मरक्षा का माध्यम भी है। इसलिए यह छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारतवर्ष में पैरालंम्पिक जूड़ो दिव्यांग छात्र छात्राओं के बीच प्रसिद्ध है। पुरुष टीम कोच शेख मोहम्मद रिजवान, मैनेजर निशा हरीबियासी,महिला कोच देव, जोशी, मैनेजर ज्योति बैरागी एवं जनरल मैनेजर शेख समीर आदि टीम में शामिल है। टीम को छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ पैरा जूडो संघ के अध्यक्ष आशीष गोयल, छत्तीसगढ़ पैरा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सूरज यादव,आस्था मूकबधिर शाला राजनांदगांव के संचालक हेमंत तिवारी,छत्तीसगढ़ खेल कांग्रेस के अध्यक्ष प्रवीण जैन, शहर कांग्रेस कमेटी के सचिव यू मुरली राव, युसूफ हुसैन,घनश्याम सिंह, रमेश शर्मा,देवीलाल धुरी,शेख अरवाज अली ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

शंभू लाल अग्रवाल का निधन

कोरबा/नवप्रदेश। सेंट्रल बुक डिपो के संचालक सतीश अग्रवाल के पिता एवम शंकरलाल अग्रवाल, कैलाशचंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल के बड़े भाई श्री शंभू अग्रवाल का निधन दिनांक 28/02/2023 दिन मंगलवार को हो गया है जिनकी बैठक शांति सभा रविवार दिनांक 05/03/2023 को अग्रसेन भवन भू. तल में 3 बजे रखी गई है । बारहवी व पगड़ी रस्म का कार्यक्रम दिनांक 11/03/2023 दिन शनिवार शाम 4 बजे निवास स्थान उषा कॉम्प्लेक्स के पीछे बजरंग गली अग्रसेन चौक में रखी गई है।

होली के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। 8 मार्च 2023 को होली त्यौहार के मद्देनजर श्रीमान पुलिस अधीक्षक उदय किरण के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिन्सन गुरिया के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी हरदी बाजार मयंक मिश्रा के द्वारा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण एवम पत्रकार बंधुगण सम्मिलित हुए । थाना प्रभारी मयंक मिश्रा ने सभी लोगों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की साथ ही असामाजिक एवम आपराधिक तत्वों से सख्ती से निपटने बात कही है गणमान्य नागरिकों ने भी शांति पूर्ण होली त्यौहार मनाने में सहयोग करने की बात कही है।

शांति समिति की हुई बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। दिनांक 8 मार्च 2023 को होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक उदय किरण के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उरगा सनत सोनवानी के द्वारा उरगा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण एवम पत्रकार बंधुगण सम्मिलित हुए । थाना प्रभारी सनत सोनवानी ने सभी लोगों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की साथ ही असामाजिक एवम आपराधिक तत्वों से सख्ती से निपटने बात कही है गणमान्य नागरिकों ने भी शांति पूर्ण होली त्यौहार मनाने में सहयोग करने की बात कही है।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गया. बताया जा रहा है कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने के कारण ट्रक में आग लग गई. इसमें ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि कोल डिपो में कोयला खाली करने के दौरान हादसा हुआ है. हाइवा से कोयला खाली करते वक्त आग लगी. भीषण आग का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक ये घटना कोटा थाना क्षेत्र के अमाली गांव की है. कोटा पुलिस जांच में जुटी है।

कॉलोनी के घर पर कब्जा कर बनाया नशे का अड्डा

कोरबा/नवप्रदेश। शहर में सीएसईबी समेत एसईसीएल, सिंचाई विभाग व अन्य सरकारी विभाग के कॉलोनियों के मकानों में बड़ी संख्या में लोग बेजा-कब्जा कर रह रहे हैं। कई मकानों में कब्जा कर असामाजिक तत्व अड्डेबाजी करते हैं। सीएसईबी कॉलोनी के काली मंदिर के पास ऐसे ही एक मकान में पुलिस ने शुक्रवार रात छापा मारा। नशेड़ियों ने उक्त मकान को अपना अड्डा बना लिया थाए जहां देर रात तक नशेड़ियों का जमावाड़ा लगा रहता था। इस कारण कॉलोनी में निवासरत परिवार परेशान थे।

शुक्रवार को भी नशेड़ियों की महफिल वहां जमी थी। इस बीच किसी ने एसपी उदय किरण को सूचना दी। इसके बाद रामपुर सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक नितीन उपाध्याय को छापामार कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर मकान में छापा मारा, लेकिन पुलिस के आने की जानकारी मिलते ही मकान में मौजूद सभी नशेड़ी वहां से भाग गए। पुलिस ने मकान में शराब-बीयर की बोतल के अलावा नशे में इस्तेमाल होने वाला हुक्का बरामद किया। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है।

परिवार गुजरात लौट गया, जन्मभूमि की याद में, रुके तो काम हुआ चौपट

बीमार वृद्ध की समाजसेवी संस्था ने ली सुध

कांकेर/नवप्रदेश। बुजुर्गो की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है।इसके अलावा ना जात पात देखकर निःस्वार्थ रूप से सेवा भी मानव सेवा ही कहलाता है। मानव सेवा का बेमिसाल उदहारण जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी उसे सार्थक करते नजर आ रहे हैं। शहर के एक ग़रीब बुजुर्ग को मरणासन्न अवस्था से बचा लिया गया और उसकी तबीयत ठीक होते तक सेवा की गई। नरेंद्र कोठारी आत्मज स्वर्गीय लक्ष्मीदास कोठारी अत्यंत दीनहीन तथा बीमार अवस्था में एक सामाजिक भवन में बेसहारा पड़े हुए थे। उन्होंने कई दिनों से स्नान भोजन कुछ नहीं किया था। असहाय गरीब की सूचना मिलते ही जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने अपने साथियों सहित अन्नपूर्णा पारा पहुंचकर बुजुर्ग से बातचीत की तो पता चला कि वे रहने वाले कांकेर के रहने वाले है साथ ही यही इनका जन्म हुआ लेकिन 10 वर्ष पूर्व वे अपने पूर्वजों के स्थान कच्छ गुजरात के भुज शहर में चले गए थे। वहां से 10 साल बाद जन्म भूमि की याद आने पर जब वे लौटे तो उन्होंने दोबारा आर्थिक रूप से स्थापित होने की बहुत कोशिश की लेकिन क़िस्मत ने उनका साथ नहीं दिया उनकी हालत खराब होने से वे असहाय हो गए किंतु स्वाभिमानी नरेंद्र कोठारी किसी से कुछ मांगते भी नहीं थे। किसी ने कभी कुछ भोजन दिया तो कर लेते थे । रहने का ठिकाना भी नहीं था, एक सामाजिक भवन के कोने में पड़े रहते थे और पिछले कई दिनों से भूखे रह रहे थे।जन सहयोग के सदस्यों ने उनके स्नान तथा भोजन की उचित व्यवस्था की और मरणासन्न नरेंद्र कोठारी को बचा लिया। कच्छ जाने के पहले वे कांकेर में एक राशन दुकान में भी काम करते थे और उनके पिताजी स्वर्गीय लक्ष्मीदास कोठारी किसी व्यापारिक संस्था के मुनीम थे। ÷जन सहयोग÷ संस्था द्वारा नरेंद्र कोठारी के स्नान, शेविंग तथा भोजन के प्रबंध के पश्चात स्थानीय गुजराती समाज को सूचित किया गया। आशा की जाती है कि गुजराती समाज अपने इस सामाजिक बुजुर्ग व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ अवश्य करेगा। आज के इस मानवीय कार्य में सहयोग देने वाले सज्जनों में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी प्रवीण गुप्ता धर्मेंद्र देव संजय माणेक संत कुमार रजक बल्लू राम यादव अमर मोटवानी आदि समाज सेवकों ने अपना हार्दिक सहयोग प्रदान किया ,जिसकी तारीफ़कांकेर की आम जनता में की जा रही है।

रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना दम तोड़ते नजर आ रही

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना पीडब्ल्यूडी विभाग में दम तोड़ते नजर आ रही है। शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर पीडब्ल्यूडी में बेरोजगारों के लिये ई-पंजीयन कराया गया था। जिले में कुल 119 बेरोजगारों ने अपना पंजीयन कराया।दुर्भाग्यजनक बात यह है कि लगभग 76 शिक्षित बेरोजगारों को इसका लाभ नही मिल पाया। वही कुछ बेरोजगारों को तीन से चार काम मिले।

मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग में बेरोजगारों को ई-पंजीयन कराने प्रेरित किया। जिले में कुल 119 शिक्षित बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री की इस ड्रीम योजना के तहत रोजगार पाने के उद्देश्य से अपना पंजीयन तो कराया। किन्तु विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते 76 शिक्षित बेरोजगारों को इस योजना का लाभ भी नही मिल पाया।मुंगेली ब्लाक के अंतर्गत कुल 48 शिक्षित बेरोजगारों ने अपना पंजीयन कराया।

मोदी सरकार महंगाई पर नियंत्रण में पूरी तरह से विफल: दीपिका

कांकेर/नवप्रदेश। देश की जनता को फिर एक बार महंगाई का बड़ा झटका लगा है. होली त्यौहार के पहले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये और कामर्शियल गैस सिलेंडर 350 रुपये महंगे होने पर शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपिका श्रीवास्तव ने इसे मोदी सरकार की महंगाई पर नियंत्रण करने पर पूरी तरह से विफल होना बताया तथा उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार की महंगाई का ग्रहण रसोई तक लग गया है, गृहिणियों के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें खींच गई है,आखिर परेशान जनता कब तक महंगाई का दंश झेलेंगे? त्योहारी सीजन में मोदी सरकार ने गैस के सिलेंडर की कीमत में वृद्धि कर रसोई में ग्रहण लगाने का काम किया है। मोदी सरकार के कार्यप्रणाली से जनता पूरी तरह दुखी व आक्रोशित है सत्ता पर काबिज होकर मोदी सरकार ने केवल जातिवाद का जहर घोल देश को कमजोर कर बाटने का काम किया है, देश को कर्ज में डुबोकर चंद उद्योगपतियों के खजाने को भरने का काम किया और दूसरी तरफ देश के गरीब, किसान, मजदूर सहित मध्यम वर्ग के कंधों पर महंगाई का बोझ डालकर घरेलू ईंधन गैस, पेट्रोलियम पदार्थों खाद्य पदार्थ, आदि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बेतहाशा बढ़ती हुई महंगाई ने अब आम लोगों का जीना दुष्वार कर दिया है।

ग्राम पंचायत गुन्लापेटा में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर श्री बलीराम बघेल एवं मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री विजेन्द्र राठौर के निर्देशन में ग्राम पंचायत गुन्लापेटा में एफएलएन मिशन के तहत प्राथमिक शाला गुन्लापेटा, बालक आश्रम गुन्लापेटा, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला गुन्लापेटा में श्री मल्लैया सर से. नि. शि. के मुख्य आतिथ्य एवं श्री कंडिक नारायण विकासखंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का पालकों की उपस्थिति में असर टूल के माध्यम से आंकलन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण शिविर में आए सभी पालकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अपने बच्चों के शैक्षणिक स्तर को जाना। सभी ने इस तरह के कार्यक्रम होने से शिक्षा के गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिलने की संभावना व्यक्त की। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि एफएलएन मिशन बच्चों के मूलभूत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में वृद्धि करना है, इसके लिए शिक्षकों के साथङ्कसाथ पालकों की सहभागिता की आवश्यकता है। इस अवसर पर एपीसी श्रीनिवास एटला ने आए हुए पालकों एवं समुदाय के लोगों को एफएलएन एवं नई शिक्षा नीति के बारे में बताया, साथ में सभी बच्चों का असर टूल के माध्यम से आंकलन किया। जिसमें भाषा में लगभग 50 प्रतिशत बच्चे कहानी स्तर, 30 प्रतिशत बच्चे अनुच्छेद स्तर, 12 प्रतिशत बच्चे शब्द स्तर 5 प्रतिशत बच्चे अक्षर स्तर पर एवं 3 प्रतिशत बच्चे प्रारंभिक स्तर पर होना पाया गया। इसी तरह गणित एवं अंग्रेजी का भी आंकलन किया गया। राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी इस अवसर पर जांच की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक, उप सरपंच, संकुल प्राचार्य भूपत राव झाड़ी, संकुल समन्वयक यालम शंकर, ग्राम पंचायत सचिव, संकुल के समस्त शिक्षक, तथा बच्चे उपस्थित रहे।

सभी थाना चौकी में ली गई शांति समिति की बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। होली का अवसर जिले में आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाए, इसके लिए एसपी उदय किरण ने सभी थाना-चौकी प्रभारियों को शांति समितियों की बैठक लेकर चर्चा करने और सहयोग लेने का निर्देश दिया था। इसके तहत जिले के सभी-थाना प्रभारियों ने क्षेत्र के कार्यपालिक दण्डाधिकारी की मौजूदगी में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के साथ शांति समितियों की बैठक ली। इसमें होली पर्व आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने अपील की। इस दौरान शांति समिति से चर्चा करते हुए जानकारी दी गई कि होली में हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने जगह-जगह पुलिस तैनात रहेगी और लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी।

समितियों के पदाधिकारी से कहा कि वे असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। साथ ही उनके क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना या हुड़दंग हो तो वे तुरंत ही थाना.चौकी प्रभारियों को सूचना दें। अफवाहों पर ध्यान ना दें। समितियों से शहर समेत उपनगरीय क्षेत्र व गांव-गांव में होलिका दहन के तय स्थानों के बारे जानकारी ली, जिससे वहां पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या कराई जा सके।

आंदोलन में 900 से ज्यादा महिलाएं हुई शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लोरमी, पथरिया और मुंगेली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका धरना स्थल रायपुर के तुता में जिले की लगभग 900 महिलाएं शामिल हुई। अनिश्चितकालिन हड़ताल पर बैठे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीलू साहू का साथ लगातार मिलता नजर आ रहा है, एक तरफ जहां जिला मुख्यालय में धरना स्थल पहुंचकर श्रीमती शीलू साहू ने आंगनबाडी कार्यकताओं का हौसला अफ्जाई करते हुए उनकी मांगो को जायज बताया। वही दूसरी तरफ रायपुर के तुता में पहुंचकर जिले की लगभग 900 महिलाओं के साथ होने का भरोसा दिलाया। उन्होने कहा कि प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के बाद कांग्रेस सरकार अपने किये गये वादो को भूल गई है। महिला शक्ति प्रदेश सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वायदो को याद दिला रही है। जिसे प्रदेश सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगो को पूरा करें। जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ द्वारा 7 सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठी है। जिसमें मुख्य मांग शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिये जाने तक आपके जन घोषणा पत्र में किये गये घोषणा के अनुसार कलेक्टर दर दिया जाये। प्रदेश के आंगनबाड़ी के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाये एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं को सुरपरवाईजर पद पर शतप्रतिशत पदोन्नति प्रदान किया जाये एवं विभागीय भर्ती सेवा नियम में संशोधन किया जाये। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राईमरी स्कूल के शिक्षक के रूप में दर्जा एवं वेतन दिया जाये। मीनी आंगनबाड़ी को पूर्ण आंगनबाड़ी किया जाये एवं क्रेश कार्यकर्ताओं को आगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर समाहित किया जाये। सेवानिवृत्त के समय कार्यकर्ता को 5 लाख और सहायिका को 3 लाख रुपए एकमुश्त ग्रेज्युवेटी राशि और सामाजिक सुरक्षा के रूप में कार्यकर्ता को 5 हजार और 3 हजार मासिक पेंशन स्वीकृत करने का कष्ट करेंगे। विभागीय कार्य हेतु नया मोबाईल एवं नेट खर्च दिया जाये एवं पोषण ट्रेकर का प्रोत्साहन राशि तत्काल भुगतान हो।

एसईसीएल विस्थापितों की भूख हड़ताल खत्म

कोरबा/नवप्रदेश। बरसों पुराने भूमि अधिग्रहणों के बदले लंबित रोजगार प्रकरणों का निराकरण कर छोटे-बड़े सभी खातेदारों को रोजगार देने की मांग को लेकर विस्थापितों की चल रही भूख हड़ताल एसईसीएल प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद खत्म हो गई, लेकिन भूविस्थापितों ने घोषणा की है कि उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव प्रशांत झा, रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव और सचिव दामोदर श्याम लंबित रोजगार प्रकरणों को जल्द निपटाने की मांग को लेकर 2मार्च से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। उनके साथ सैकड़ों भूविस्थापित ग्रामीण भी लगातार तीन दिनों से धरना में शामिल हो रहे थे। इससे प्रबंधन की परेशानियां बढ़ गई थी। कल दीपका तहसीलदार और कुसमुंडा थाना प्रभारी की उपस्थिति में एसईसीएल के कुसमुंडा महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने आंदोलनकारियों से बातचीत की, जिसमें सहमति बनी कि लंबित प्रकरणों के तेजी से निपटारे के लिए एक टीम गठित की जाएगी तथा 7 दिनों के अंदर संबंधित सभी फाइलें कुसमुंडा मुख्यालय से बिलासपुर भेज दी जाएगी, जहां से 15 दिनों के अंदर निराकरण कर दिया जाएगा। इसके साथ ही, सत्यापन संबंधी औपचारिकताएं भी एक सप्ताह के अंदर पूरी की जाएगी। इसके साथ ही यह भी सहमति बनी कि भू-अर्जन के बाद जन्म वाले सभी फाइलों की सूची बनाकर कार्यवाही के लिए बिलासपुर मुख्यालय भेजा जाएगा। बातचीत सफल होने के बाद आंदोलन स्थल पहुंच कर महाप्रबंधक पहुंचे और भूख हड़ताल में बैठे हड़तालियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त कराया। इस आंदोलन की सफलता से भूविस्थापितों के बीच रोजगार प्रकरणों के तेजी से निपटारे की उम्मीद बंधी है। आंदोलन में जवाहर सिंह कंवर, रघु यादव, सुमेन्द्र सिंह ठकराल, दीना नाथ, मोहनलाल यादव, हरिहर पटेल, धुनिराम कौशिक, बृजमोहन, अमृत बाई, सरिता, राजेश्वरी, वीरसिंह, विकास सिंह, नरेंद्र, बसंत चौहान, राकेश कंवर, शिवदयाल, रामायण सिंह कंवर, संजय यादव, सत्रुहन दास, अघन बाई, मीना बाई, कनकन बाई, सुकल बाई, जीरा बाई, गीता बाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भूविस्थापित शामिल रहे। किसान सभा और रोजगार एकता संघ ने सभी आंदोलनकारियों को बधाई दी है और कहा है कि वार्ता में बनी सहमति को लागू करवाने के लिए उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। यदि प्रबंधन इस सहमति पर काम नहीं करेगा, तो 10 मार्च को कुसमुंडा खदान में महाबंद का आयोजन किया जाएगा।किसान सभा अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने कहा है कि कोयला से जुड़े हर अधिकारी और मंत्री के इस क्षेत्र में दौरे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम भूपेश आज ...

दर छत्तीसगढ़ में है। देशभर में छत्तीसगढ़ ने धान खरीदी में भी रिकॉर्ड तोड़ा है। प्रदेश में सुदूर अंचलों के आदिवासियों तक नई योजनाएं पहुंची हैं। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा का छत्तीसगढ़ मॉडल देशभर की सरकारें अपना रही हैं।

किसानों को एक ...

तो राजस्थान का किसान बच जायेगा। उन्होंने कहा कि मगर सरकार यह नहीं देगी। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन छीनने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने महाकुंभ में आई गायक अजय हुड्डा की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस टीम के कलाकारों ने किसान आंदोन में बढ़चढकर हिस्सा लिया और इनमें कई को नोटिस भी मिले । उन्होंने जाट महाकुंभ के शानदार एवं इतने बड़े आयोजन के लिए राजस्थान जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील एवं उनकी टीम को भी धन्यवाद दिया।

सरकार बदली, लेकिन ...

अडानी से दोस्ती है। पार्टी के नाम बदल जाते हैं, मुख्यमंत्री बदल जाते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता की जिंदगी नहीं बदल रही है, व्यवस्थाएं नहीं बदल रही हैं। इसलिए जनता एक मौका केजरीवाल को दे। दिल्ली-पंजाब जैसा काम करके देंगे। भगवंत मान बोले, नियत अच्छी हो तो सब कुछ अच्छा होता है। छत्तीसगढ़ जैसी समस्या पहले पंजाब में भी थी। लेकिन अब पंजाब में बहुत कुछ बदल चुका है। सरकार बनने के तुरंत बाद ही कर्मचारियों को नियमित किया गया।

केजरीवाल के झूठ ...

तक का इलाज मुफ्त होता है। छत्तीसगढ़ में विश्वसनीय मुख्यमंत्री और भरोसे मंद सरकार चल रही है जो किसान मजदूर युवा सभी वर्ग के भरोसे पर खरी उतर चुकी है। कांग्रेस सरकार ने अकेले किसानों के ऊपर पिछले चार सालों में डेढ़ लाख करोड़ रु खर्च किया है। राज्य में 400 यूनिट तक बिजली हर वर्ग को मुफ्त मिलती है। किसानों को उनकी उपज के देश मे सबसे ज्यादा दाम छत्तीसगढ़ में मिलता है। केजरीवाल जी छत्तीसगढ़ में हवा में और नौटंकी बाजी की सरकार नहीं है। इसीलिए आज देश मे सबसे कम बेरोजगारी दर आधा प्रतिशत से भी कम छत्तीसगढ़ में है।

ईडी-सीबीआई के...

उनके खिलाफ कोई सबूत भी नहीं दिखाए गए। चिट्ठी में लिखा गया कि 2014 के बाद से जिन नेताओं पर भी एक्शन हुआ है, उनमें से ज्यादातर विपक्ष के ही हैं।

इन 9 विपक्षी नेताओं ने लिखी चिट्ठी : बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बीआरएस चीफ के चंद्रशेखर राव, पंजाब के सीएम भगवंत मान, राजद नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला, राकांपा चीफ शरद पवार, शिवसेना ठाकरे ग्रुप के चीफ उद्धव ठाकरे, सपा चीफ अखिलेश यादव।

'आई लव सिसोदिया' का...

उन्होंने कहा, हमने उनसे पूछा भी कि क्या उनके पास अनुमति है। उन्होंने विधायक अब्दुल रहमान से संबंधित होने का दावा किया। इसके बाद एक व्यक्ति ने विधायक से संपर्क किया और उनसे पूछा कि क्या उन्होंने अनुमति दी है और विधायक ने हां में जवाब दिया। हम जानते हैं कि विधायक झूठ बोल रहे हैं। इसलिए किसी राजनीतिक लाभ के लिए किसी स्कूल का इस्तेमाल करने की अनुमति कभी नहीं दी जाती है।

तमिलनाडु बीजेपी...

एक विशेष समुदाय के खिलाफ नफरत उगल रही है. जब से डीएमके सत्ता में आई है, पार्टी के मंत्रियों और सांसदों ने कई बार बार अपने भाषणों में (उत्तर भारतीयों) का मजाक उड़ाया है. उन्होंने कहा कि डीएमके नेता दयानिधि मारन ने उत्तर भारतीय श्रमिकों का अपमान किया और कहा कि वे (प्रवासी) सिर्फ भवन निर्माण में या घरेलू नौकर के रूप में काम करते हैं. अन्नामलाई ने यह भी कहा कि राज्य के मंत्री के पोनमुडी ने पहले कहा था कि उत्तर भारतीय तमिलनाडु की सड़कों पर पानी पूरी बेचते हैं. अन्नामलाई ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा और कहा- सीएम स्टालिन ने इन सबके बाद भी उत्तर भारतीय श्रमिकों के खिलाफ इस तरह के नफरत भरे भाषण की निंदा नहीं की।

प्रधानमंत्री मोदी ने ..

कि इसी तर्ज पर भारत में जी-20 आयोजन के साथ देश के पर्यटन मंत्रालय को बड़ा बूस्टर मिल रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

महिलाओं को छोटे उद्योगों के लिए मिलेगा लोन और सब्सिडी की सुविधा : सीएम

■ **महिला संरक्षण अधिकारी और पर्यवेक्षक हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को छोटे उद्योगों के लिए लोन और सब्सिडी की सुविधा देने की पहल की जाएगी, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। मुख्यमंत्री बघेल आज राजधानी के बीटीआई ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर सरगुजा, दुर्ग, कोरिया जिले की महिला संरक्षण अधिकारियों, 5 पर्यवेक्षकों और बिलासपुर, बालोद और नारायणपुर जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महिला कोष से 8 महिला समूहों और 3 महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों के लिए 2 लाख से लेकर 4 लाख रूपए तक के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर, विधायक रायपुर उत्तर कुलदीप जुनेजा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री बघेल ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने ऐसी योजनाएं शुरू की, जिससे महिलाओं के पास पैसा जाए और उनका आत्मविश्वास बढ़े। राज्य सरकार ने महिला समूहों का 13 करोड़ ऋण माफकिया। ऋण योजना में लोन की सीमा बढ़ाकर 04 लाख रूपए कर दिया है। महिलाएं आगे बढ़कर ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लें।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार गोबर खरीद कर समूह के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट बनवा रही। पहले इसकी आलोचना हुई लेकिन अब तक हमने 200 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी कर ली है। इसका आधा पैसा महिलाओं को जा रहा है। महिलाएं गोबर से प्राकृतिक पेंट भी बना रही है। इस प्राकृतिक पेंट से सरकारी कार्यालयों में पोताई कराने के निर्देश जारी कर दिया है। इसी प्रकार महिलाएं वर्मी खाद, गमला, सब्जी उत्पादन जैसी कई गतिविधियों से जुड़ी हैं। रीपा में महिला उद्यमियों को भी लघुकुटीर उद्योगों को प्रारम्भ करने जमीन, बिजली, पानी जैसी जरूरी सुविधाएं दी जा रही है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर महिला समूहों को दिए जाने वाले ऋण राशि को दोगुनी करते हुए उसकी सीमा 04 लाख रूपए तक बढ़ा दी गई है। सक्षम योजना में भी सीमा दोगुनी कर दी गई है। महिलाएं आगे बढ़े और योजनाओं का लाभ लें। राज्य सरकार महिलाओं के साथ है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक दिव्या मिश्रा ने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 13 हजार से अधिक महिलाओं को आश्रय प्रदान किया गया है और 4 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 01 लाख से अधिक कन्याओं का विवाह कराया गया है। कौशल्या मातृत्व योजना के तहत 1171 महिलाओं और नोनी सुरक्षा योजना के तहत 72 हजार 375 बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। अब तक 39 हजार से अधिक समूहों को 92 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने ज्वार से बना केक काटकर महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बघेल ने महिला मड़ई में स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामानों की बिक्री के लिए लगाए गए स्टॉलों के अवलोकन के दौरान मिलेट कैफे में ज्वार का बना केक काटकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल को जिला सक्ती के नंदौरखुर्द के परमेश्वरी स्व-सहायता समूह ने जीका सिल्क की साड़ी और बिलासपुर जिले की प्रतिभा आरती महिला समूह द्वारा पगड़ी और जूट से बनी गणेश जी की मूर्ति भेंट की गई। इसी प्रकार मुख्यमंत्री को बाल जीवन ज्योति संस्था की मानसिक दिव्यांग बालिकाओं ने खुद से बनाया बुके भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने नारायणपुर के मां भवानी स्व-सहायता समूह से भी चर्चा की। गौरतलब है कि महिला मड़ई में महिला समूहों द्वारा लगाए गए 54 स्टालों के माध्यम से लगभग 25 लाख रूपए की दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बिक्री की गई।

हज व्यवस्थाओं के संबंध में राज्य हज कमेटी की सामान्य सभा

रायपुर/नवप्रदेश। हज व्यवस्थाओं के संबंध में राज्य हज कमेटी की सामान्य सभा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान की अध्यक्षता में आयोजित कमेटी की बैठक में वार्षिक एक्शन प्लान अनुसार प्रदेश में हज व्यवस्थाओं का संपादन एवं राज्य से जाने वाले हज यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु हज व्यवस्थाओं का निर्धारण किया गया।

बैठक में हज कमेटी के सदस्य मौलाना कारी सैयद अशफाक अहमद अंजुम, मौलाना डॉ. कारी इमरान अशरफी, मौलाना असगर मेहदी, श्री इमरान खान, श्री अफरोज अंजुम, श्री मोहम्मद इमरान, डॉ. श्रीमती रुबीना अल्वी, श्री हाजी अब्दुल रज्जाक खान, सचिव श्री साजिद मेमन उपस्थित थे।

स्मरण किये गये आशीर्वाद भवन की नींव रखने वाले अध्यक्ष स्व. तुंगनाथ बाजपेयी

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज अपने गौरवशाली इतिहास में प्रमुख रूप से योगदान देने वाले पूर्व अध्यक्षों को उनकी जयंती के अवसर पर सादर स्मरण करने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में 02 मार्च 2023 को आशीर्वाद भवन रायपुर में एडवोकेट स्व. पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी (अध्यक्षीय कार्यकाल-1977 से 1979 तक) की जयंती पर उन्हें सादर स्मरण किया गया। इस अवसर पर पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी के परिवार के सदस्यगण काफी संख्या में उपस्थित रहे विशेष बात ये रही कि झांसी व बलौदाबाजार से उनके परिवार के सदस्यों ने विडियो कॉल के माध्यम से पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी के बारे में विस्तार से बताया । पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी के परिवार के सदस्य एवं सभा शिक्षा मंडल के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। गरिमामय कार्यक्रम में पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी के परिवार के सदस्यगणों के साथ साथ समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर सादर स्मरण किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पं.अरुण शुक्ल जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि पूर्व अध्यक्षों को उनके योगदान के लिए सादर स्मरण करने का यह कार्यक्रम हमने प्रारंभ किया है। इससे युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों के सामाजिक सेवा में किये कार्यों की जानकारी रहें एवं ये प्रेरणा भी मिले की समाज से जुड़े रहना चाहिए। अध्यक्ष अरूण शुक्ल जी ने आशीर्वाद भवन के एक कक्ष को स्व. तुंगनाथ बाजपेयी जी के नाम से किये जाने की घोषणा भी की । अध्यक्ष अरूण शुक्ल जी ने उनके हॉकी खेल के प्रति एवं उनके शिवभक्त होने की, योग एवं व्यायाम के प्रति लगाव से समाज को अवगत कराया एवं बताया कि वर्तमान में जो भव्य आशीर्वाद भवन दिख रहा है उसका निर्माण कार्य पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी के कार्यकाल में प्रारंभ हुआ था। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पं. विद्याचरण शुक्ल एवं पूर्व मुख्यमंत्री पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र का उनसे निकट का संबंध रहा एवं जब भी वे महासमुंद जाते थे पं. तुंगनाथ बाजपेयी जी के घर जरूर जाते थे।

राज्यपाल का अपमान कर संसदीय परंपराओं को तोड़ रही है छत्तीसगढ़ सरकार : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए राज्यपाल को लेकर असंवैधानिक टिप्पणी की। जिस पर आपत्ति जताते हुए भाजपा विधायकों ने सदन का किया बहिर्गमन किया। इस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा की वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस शासित हमारे छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा सभी संसदीय परंपराओं को तोड़ा जा रहा है। हमारे संविधान में भी राज्यपाल की भूमिका के ऊपर में कहीं पर भी चर्चा नहीं हो सकती। विधानसभा अध्यक्ष को हटाना है तो हम प्रस्ताव ला सकते हैं, हाई कोर्ट के जज को हटाना है तो महाभियोग लाया जा सकता है। हमारा अधिकार यहीं तक है। परंतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी राज्यपाल के अभिभाषण के प्रस्ताव का जवाब देते हुए राज्यपाल की भूमिका पर चर्चा कर रहे हैं, यह राज्यपाल पद का अपमान है। यह देश के संविधान का उल्लंघन है। हमारे विधानसभा अध्यक्ष जी से हम बार-बार आपत्ति कर रहे थे की जो चेयर है उस पर व्यवस्था दे। परंतु राज्यपाल जी की भूमिका पर विधानसभा में चर्चा हो शायद यह देश की किसी विधानसभा में पहली बार हो रहा है। हमारे बार-बार आग्रह करने के बाद भी मुख्यमंत्री जी उस विषय पर चर्चा कर रहे हैं और इसी वजह से हमने मुख्यमंत्री जी के भाषण का बहिष्कार किया है सदन का बहिष्कार किया है।

मोर आवास मोर अधिकार रोक रही प्रदेश सरकार

■ **पिछले 4 वर्ष में भूपेश सरकार में यह सारे कार्य बंद पड़े हैं - अरूण साव**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास छीना। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल करते हुए कहा कि क्या किसी योजना में सिर्फ प्रधानमंत्री शब्द जुड़ा है इसीलिए प्रदेश की आम गरीब जनता को उस योजना का लाभ आप नहीं देंगे। स्तरहीन बयानों के लिए पहचान बना चुकी छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार गरीबों के सबसे बड़े सपने को पूरा नहीं होने दे रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने कहा कि 25 जून 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के प्रत्येक आवासहीन को मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ की जिसका लक्ष्य था कि 2022 तक देश में प्रत्येक व्यक्ति के पास स्वयं का मकान हो। कोरोना काल के कारण इसे बढ़ाकर 2024 किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2011 सर्वे सूची के अनुसार मकान बनने थे फिर 2016 में आवास प्लस के नाम से केंद्र सरकार ने एक योजना लाई। जिसमें 2011 की सर्वे सूची में छूटे नाम तथा किन्हीं कारणों से 2011 के रद्द आवेदन को मिलाकर फिर सर्वे सूची बनाई गई जिसमें छत्तीसगढ़ में कुल 16 लाख हितग्राही पाए गए।

योजना प्रारंभ होने के प्रथम वर्षों में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और इस दौरान हमने लगभग 7.50 लाख मकान बनाएं।

औद्योगिक विकास में अवरोध सरकार जिम्मेदार : डॉ रेणु

■ **जेसीसीजे सुप्रीमो और कोटा विधायक डॉ. रेणु जोगी ने उद्योग मंत्री को घेरा**

रायपुर/नवप्रदेश। अप्रैल 2021 से जनवरी 2023 तक रायपुर, जांजगीर - चांपा, और बलौदाबाजार जिलों में किसी भी सूक्ष्म और लघु उद्योग को उत्पादन दिनांक से 6 माह बाद का स्थायी पूंजी निवेश अनुदान स्वीकृत नहीं हुआ है। जबकि इस अवधि में किसी भी जिले में मध्यम उद्योग को उत्पादन दिनांक से 12 माह तक का स्थायी पूंजी निवेश स्वीकृत नहीं हुआ है। वहीं अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक छत्तीसगढ़ में उद्योगों को लगभग 188 करोड़ का स्थायी पूंजी निवेश अनुदान स्वीकृत हुआ है जबकि इसमें से लगभग 114 करोड़ रूपए का अनुदान वितरित होना बाकी है। कुछ जिले जैसे महासमुंद, बालोद, बलौदाबाजार, गौरेला - पेंड्रा - मरवाही में उद्योगों को स्वीकृत अनुदान में से एक रूपए का भी वितरण नहीं हुआ है। वितरण नहीं होने के पीछे मंत्री ने बजट आबंटन नहीं होने की बात कही।

यह पूरा मामला कोटा विधायक और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न से प्रकाश में आया। डॉ. रेणु जोगी ने इसके पहले शीतकालीन सत्र 2022 में भी 03 जनवरी 2023 को उद्योग मंत्री से पूछा था कि क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को उत्पादन दिनांक से 6 और 12 माह तक स्थायी पूंजी दिया जा रहा है? जिसका जवाब मंत्री ने हाँ में दिया था। इसी प्रश्न का संदर्भ देते हुए आज डॉ. जोगी ने विधानसभा में मंत्री से उत्पादन दिनांक के बाद अनुदान प्राप्त उद्योगों की सूची मांगी थी। डॉ. रेणु जोगी के पूरक सवालों में उद्योग मंत्री कवासी लखमा ऐसा घिरे कि उन्होंने प्रश्नों का जवाब देने के लिए मंत्री मोहम्मद अकबर को खड़ा कर दिया। इस पर विपक्ष के अन्य सदस्यों ने यह कहकर आपत्ति भी उठायी कि जब उद्योग मंत्री कवासी लखमा सदन में मौजूद हैं तो ऐसे में अन्य मंत्री उनके सवालों का जवाब कैसे दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी रायपुर में गहोई भवन का किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर में एम्स के समीप टाटीबंध में श्रीगहोई वैश्य समाज, रायपुर द्वारा बनवाए गए नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त को नमन करते हुए कहा की एम्स में मरीजों के इलाज के दौरान मरीजों और उनके परिजनों के रुकने की व्यवस्था के लिए समाज द्वारा यह भवन बनवाया गया है। श्रीगहोई वैश्य समाज रायपुर ने सेवाभाव से यह बहुत ही प्रशंसनीय और पुनीत कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सबको नवनिर्मित भवन के लोकार्पण की बधाई देता हूँ। सामाजिक भवनों, धर्मशालाओं में समाज के उत्थान और विकास की चर्चाएं भी होती हैं, दूसरे समाज के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ के बाहर दूसरे राज्यों से आने वाले मरीजों के लिए यह भवन काफी उपयोगी होगा। कई बार इलाज के लिए काफी समय के लिए रुकना पड़ता है, ऐसे में इस भवन के माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों की रुकने की समस्या का समाधान हो सकेगा और उन्हें काफी राहत प्रदान करेगा। अस्पताल के मरीजों के लिए आप कमरे उपलब्ध कराएंगे, इस कार्य को मरीज और उनके परिजन कभी नहीं भुला पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज का यह कार्य उच्च कोटि की मानव सेवा है। समाज द्वारा नया रायपुर में सामाजिक भवन के लिए जमीन की मांग पर उन्होंने कहा कि कोई भी समाज जिसके पास जमीन नहीं है, उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए निर्धारित राशि देने पर भू खण्ड दिया जा रहा है। कलेक्टर गाइडलाइन को भी हमने 30 प्रतिशत कम कर दिया है। श्री बघेल ने कहा कि समाज के नाम से जमीन की रजिस्ट्री करा लें ,भवन बनाने के लिए सहायता दी जाएगी।

19 हजार से अधिक हितग्राहियों के 30 हजार एकड़ निजी भूमि वृक्षारोपण के लिए पंजीकृत

■ **सर्वाधिक पंजीयन: जगदलपुर वनमंडल अंतर्गत 1999 हितग्राहियों के 4730 एकड़ रकबा में**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू किये जाने की घोषणा उपरान्त छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है और तैयारियां जोरो पर है। वन विभाग द्वारा अब तक 19 हजार से अधिक हितग्राहियो के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए इस योजना को लागू किए जाने की घोषणा की है। इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक 19 हजार 653 हितग्राहियों के 30 हजार 142 एकड़ निजी भूमि में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत पंजीयन हो चुका है। इनमें सर्वाधिक जगदलपुर वनमंडल अंतर्गत 1 हजार 999 हितग्राहियों के 4 हजार 730 एकड़ भूमि में पंजीयन किया गया है। इसी तरह वनमंडलवार बलरामपुर में 2 हजार 358 हितग्राहियों के 2 हजार 119 एकड़, दंतेवाड़ा में 623 हितग्राहियों के 1 हजार 543 एकड़, सुकमा में 795 हितग्राहियों के 1 हजार 336 एकड़ तथा कोरिया में 746 हितग्राहियों के 1 हजार 189 एकड़ रकबा का पंजीयन हो चुका है।

सरगुजा में 1 हजार 46 हितग्राहियों के 1 हजार 142 एकड़, दुर्ग में 316 हितग्राहियों के 1 हजार 98 एकड़, कोरबा में 983 हितग्राहियों के 1 हजार 72 एकड़, मनेन्द्रगढ़ में 729 हितग्राहियों के 1 हजार 57 एकड़ पूर्व भानुप्रतापपुर में 1 हजार 26 हितग्राहियों के 1 हजार 38 एकड़, बीजापुर में 514 हितग्रािहियों के 1 हजार 34 एकड़, सूरजपुर में 825 हितग्राहियों के 1 हजार 24 एकड़ तथा धर्मजयगढ़ में 461 हितग्राहियों के 963 एकड़ में पंजीयन किया गया है। दक्षिण कोण्डागांव में 754 हितग्राहियों के 956 एकड़, जशपुर में 657 हितग्राहियों के 861 एकड़, नारायणपुर में 314 हितग्राहियों के 765 एकड़, केशकाल में 618 हितग्राहियों के 726 एकड़, धमतरी में 518 हितग्राहियों के 705 एकड़, मरवाही में 475 हितग्राहियों के 694 एकड़ तथा महासमुंद में 456 हितग्राहियों के 643 एकड़ में पंजीयन हो चुका है।

राज्य में इस वर्ष 12 प्रजाति के वृक्षों का 30 हजार एकड़ रकबे में होगा रोपण

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत राज्य में इस वर्ष 12 प्रकार के प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ रकबे में रोपण किया जाएगा। इनमें से क्लोनल यूकलिप्टस का 17 हजार 182 एकड़ में, रूटशूट टीक का 6 हजार 456 एकड़ में, टिश्यू कल्चर का 2 हजार 617 एकड़ में, चंदन का 1 हजार 462 एकड़ में, मेलिया दुबिया का 8 सौ 34 एकड़ में, सामान्य बांस का 7 सौ 37 एकड़ में, टिश्यू कल्चर बम्बू का 6 सौ 7 एकड़ में, रक्त चंदन का 1 सौ 26 एकड़ में, आमला का 43 एकड़ में, खमार का 40 एकड़ में, शीशम का 20 एकड़ में तथा महानीम का 20 एकड़ रकबे में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

न्यूज गैलरी

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज से प्रारंभ

खरोरा/नवप्रदेश। आर.टी.ई.निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 के अन्तर्गत सत्र 2023-24 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 06 मार्च से प्रारंभ हो रही है, जिसमे आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक रहेगी। RTE पोर्टल में 3 साल से 6.5 साल तक के बच्चे आवेदन कर सकते है। जिसमे नर्सरी हेतु 3-4 वर्ष, के.जी.1 हेतु 4-5, और पहली हेतु 5-6.5 वर्ष निर्धारित है। आवेदन को ऑनलाइन करने हेतु बच्चे का आधार कार्ड, माता, पिता का आधार कार्ड, बच्चे का जन्मप्रमाण पत्र, अगर SC/ST वर्ग के आवेदक है तो स्थायी जाति/निवास प्रमाण पत्र, विकलांग वर्ग के आवेदक है तो, दिव्यांगता प्रमाण पत्र(40%), सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित, किराए नामा अगर संबंधित स्कूल के दायरे से अधिक हो तो,सर्वे सूची 2002,2007 या आर्थिक जनगणना सूची 2011 इनमे से कोई एक मान्य। आवेदन ऑनलाइन पूर्ण करने के उपरांत संबंधित नोडल अधिकारी के समक्ष सत्यापन हेतु सभी दस्तावेजों का प्रति जमा करना होगा।

धर्म सभा में पंडित विजय शंकर देंगे व्याखयान

नवागढ़/नवप्रदेश। गुरुवार को धर्म सभा नवागढ़ की बैठक राम मंदिर मेंकिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष भी धर्म सभा का आयोजन किया जाए। सभा के अध्यक्ष देवेंद्र धर दीवान ने जानकारी

दिया कि इस वर्ष देश के ख्याति लब्ध पंडित विजय शंकर मेहता का कार्यक्रम तय हुआ है। आगामी 5, 6 व 7 मई को तीन दिवसीय धर्म सभा का आयोजन किया जावेगा। इसके मुख्य वक्ता पंडित विजय शंकर मेहता होंगे। आध्यात्मिक स्नेह पंख के एक साधक के रूप में, विजय शंकर मेहता थिएटर, पत्रकारिता और धर्म में एक विशिष्ट नाम है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने अपने मूल दृष्टि और गरिमा को बनाए रखने के जीवन प्रबंधन पर सैकड़ों व्याख्यान दिए हैं। श्री मेहता का सत्यनारायण वृत्ता कथा, श्रीमद् भगवत गीता, हनुमान चालिसा और रामचरितमानों पर मूल अंतर्दृष्टि के साथ जीवन प्रबंधन पर उनके व्यापक व्याख्यान शुरुआती लोगों को आकर्षित करते हैं और पूरे भारत और दुनिया भर में आध्यात्मिक साधकों की प्यास बुझाते हैं। धर्म सभा के अध्यक्ष श्री दीवान ने नगर के लोगों के साथ-साथ क्षेत्रवासियों से भी सहयोग की अपेक्षा किए हैं । बैठक में जेजी गोस्वामी, सौरभ ताम्रकार, राजेश दीमान, मिथिलेश बिसेन, पंडित रविंद्र शर्मा, पंडित शेखर प्रसाद शर्मा, पंडित कमलेश दीवान, संतोष देवांगन, रमेश चौहान, दिव्यम शुक्ला, रामचेत पाल, कृष्ण कुमार यादव, छवि कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेता तरूण से लोगों को बहुत अपेक्षाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कांग्रेस के युवा और दबंग नेता तरुण सिन्हा से बहुत अपेक्षाएं हैं। इसी लिए आज भी श्री सिन्हा के छुरिया निवास में लोगों का हुजूम लगा रहता है। लोगों की माने तो बहुत विश्वास से कांग्रेस नेता जो कि पार्टी के लिए निरंतर मेहनत और समर्पित भाव के साथ निरंतर सक्रिय रहने वाले नेता तरुण सिन्हा से मिलकर अपनी बाते रखते है और ये अपेक्षा

भी करते है कि उनका काम श्री सिन्हा से मिलकर हो जायेगा और लोग बताते है कि पूरी निष्ठा और सक्रियता से तरुण सिन्हा लोगों के कार्यों को पूरा करने में अपनी पूरी ताकत झोंक देते है, जिससे लोगों में तरुण सिन्हा के कार्यों और मेल-जोल से लोगों में भारी उत्साह दिखाई देता है। श्री सिन्हा से बात करके ये पता चला कि उनकी भावना हमेशा जनता सेवा में समर्पित भाव से लोगों की जितनी मदद हो वो करना चाहते है, जिससे उनको आत्मीय खुशी मिलती है। श्री सिन्हा कहते है कि कर्म करते रहो और अच्छे कार्यों से लोगों का आशीर्वाद मिलता है। शायद भगवान ने कोरोना के बाद अगर नया जीवन मिला है तो उसे हम अपना समय मानव सेवा में लगाए और हर वो अच्छा काम करें, जिससे मन को खुशी मिलती है, अगर हर नेता इसी तरह से सोचे तो भारत की तस्वीर बदल जायेगी।

एक सटोरिए पर कार्यवाही, 38 सौ जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 4 मार्च को सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जिसमें आरोपी मनीष बघेल पिता जीवन बघेल उम्र 23 साल साकिन भोईनाभाठा थाना व जिला बेमेतरा से सट्टा पट्टी, पेन सहित नगदी रकम 38 सौ रूपये जप्त किया गया।

शापूमा शाला भैंसा में जागरूकता शिविर का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के पदेन अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के निर्देशन में श्रीमती मधु तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो बेमेतरा, श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक व्यवहार न्यायाधीश वर्ग -1 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम भैंसा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर स्कूली छात्र-छात्राओं को उनके लिये उपयोगी कानून की जानकारी दी गई। स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सूचना का अधिकार, एफआईआर की

जानकारी, नेशनल लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, चाईल्ड ट्रैफिकिंग, नालसा हेल्पलाई 15100, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, साईबर क्राईम, पर्यावरण सुरक्षा-जीवन रक्षा, बाल श्रम, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ, कार्य स्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न, बाल श्रम एवं नशा मुक्ति व महिला एवं बच्चों के तस्करी के संबंध जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम भैंसा के प्रधान पाठक युवराज सिंह पटेल एवं शिकक्षगण उपस्थित थे। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर्स सुश्री सोनिया सिंह, कुमारी प्राची तिवारी द्वारा प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

पटेल समाज संगठित और सशक्त समाज : छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवरी में कोसरिया (पटेल) मरार द्वारा आयोजित मां शाकम्भरी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम मां शाकम्भरी माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी हैं, शिक्षा ही मनुष्य को संस्कार और गुणवान बनाती हैं। समाज के लोग ज्यादा शिक्षित होंगे तभी समाज का सम्मान बढ़ेगा। मां शाकंभरी की जयंती मनाई जा रही हैं और पटेल समाज एक ऐसा समाज जो खाली कृषि के क्षेत्र में नही, बल्की हर क्षेत्र में काफी आगे हैं। मरार पटेल समाज के लोग स्वाभिमानी एवं माटी पुत्र हैं, मरार पटेल समाज एक मेहनतकश समाज हैं, कड़ी मेहनत कर धरती को हरा भरा बनाने का कार्य करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्गों के सम्मान और भलाई के लिए काम कर रही हैं, सुराजी गांव योजना के अंतर्गत शामिल बाड़ी विकास कार्यक्रम वास्तव में मरार पटेल समाज की तरक्की के लिए हैं, बाड़ी विकास कार्यक्रम के तहत फल, फूल और सब्जी की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, संतोष पटेल (राजा), संतराम यादव, मोहित वर्मा, मोहन साहू, द्वारिका प्रसाद पाण्डे, टीकाराम साहू, सुखराम साहू, योगेश साहू, खोमलाल साहू, पंचराम डौंडे, दौलत साहू, हेमकुमार साहू, मनीष पाटिल, अशोक पाटिल, नीलकंड पाटिल, पीतांबर पाटिल, राजकुमार पाटिल, देवचरण साहू, संतोष पाटिल, विशाल पाटिल, चिम्मन पाटिल, महेन्द्र पाटिल, गब्बू पाटिल, रूपेश पाटिल, खेमू पटेल, रम्मन पाटिल, दशरू पाटिल, विशाल पाटिल, ललित पाटिल, ओंकार पाटिल, चेतन पाटिल, भोला पाटिल सहित बड़ी संख्या समाजजन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

शिविर में प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण

भटगांव/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी तहसीलों व विभिन्न ग्रामों में 2 मार्च से राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजस्व अमलों द्वारा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाना है। और इसी कड़ी में आज नगर भटगांव के तहसील कार्यालय प्रांगण में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है जहॉं फौती, नामांतरण, सीमांकन, किसान-किताब, धान खरीदी से संबंधित रकबा संशोधन, आय, जाति, निवास,अभिलेख में त्रुटि सुधार जैसे कार्य तत्काल किया जाना है । राजस्व प्रकरण में होने वाली देरी व असुविधा को देखते हुए जिला कलेक्टर फरिहा आलम सिद्धिकी के निर्देशन में इस शिविर का आयोजन पूरे जिले में किया गया है जहा हाथों हाथ आवेदन प्रस्तुत कर लंबित पड़े प्रकरणों का समाधान किया जाना है । इस शिविर में राजस्व प्रकरण संबंधी आवेदन प्रस्तुत करने विभन्न ग्रामों से आमजन पहुंच रहे है और सैकड़ों की संख्या में भिड़ देखी जा रहीं है सारंगढ़ कलेक्टर डॉं. फरिहा आलम सिद्दिकी ने जिले के सभी तहसीलो मे अलग अलग तारीख निर्धारित कर शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिऐ थे, जिसका परिपालन करते हुवे सभी तहसीलो मे शिविर का आयोजन किया गया था,मिली जानकारी के अनुसार 2 मार्च को सारंगढ़ मे शिविर का आयोजन हुवा था जिसमे 1676 आवेदन मीले थे, जिसमे 1542 आवेदनो का निराकरण किया गया, वही 3 मार्च को बरमकेला मे शिविर का आयोजन हुआ जिसमे 1355 आवेदन मीले जिसमे से 1232 आवेदनो का निराकरण किया गया वही भटगांव तहसील की बात करे तो सबसे अधिक आवेदन मीले जिसकी संख्या 2285 आवेदन मीले जिसमे से। इस राजस्व समाधान शिविर को सफल बनाने मे जिले के एसडीएम,तहसीलदार, पटवारी,आरआई, कोटवार सभी ने अहम भुमिका निभाया है। शिविर के बारे मे व्यापाक रुप से प्रचार प्रसार भी किया जिसके मद्देनजर पूरे जिले में सबसे ज्यादा आवेदन भटगांव तहसील में प्राप्त हुआ।

राजू ने किया रंगमंच का उद्घाटन

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम कोटा में त्रिदिवसीय अखंड रामायण जिसमें सभापति जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित रंगमंच उद्घाटन किया गया जिला पंचायत सभापति द्वारा गांव के उज्जवल भविष्य के लिए 300 मीटर ओंकार पाल से रवि पाल के घर तक सीसी रोड की घोषणा किया गया और राम मानस परिवार कोटा को ?10000 का वाद्य यंत्र दिया गया प्रेम त्याग मर्यादा सहनशीलता वचन के प्रति निष्ठा भक्ति कर्तव्य निष्ठा गुरु जन एवं बड़ों के प्रति आदर कैसा हो रामचरित मानस की एक चौपाई को भी सरवन से सीखना मिलता है उक्त बातें ग्राम कोटा में अखंड रामायण समारोह में अतिथि के रूप में राजू शर्मा किसान नेता जिला पंचायत सभापति रायपुर ने कहा जीवन का बहुमूल्य समय भगवान श्रीराम ने छत्तीसगढ़ में बिताए हैं रामायण से ही जीवन जीने और सीखने को मिलता है परिवार में माता-पिता भाई बहन भाई भतीजे रिश्ते होते हैं भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से आदर्श नागरिक बनने का अवसर मिलता है मानस गान से गांव में भाईचारा एकता एवं शांति का भावना प्रेरित होता है भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम इसीलिए कहा जाता है की क्योंकि उन्होंने अपने पिता का आज्ञा का पालन किया सिहासन छोड़कर वन को चले गया पहले प्रत्येक घरों में रामायण पाठ का गुणगान किया जाता था छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कौशल्या माता मंदिर का भव्य निर्माण किया गया है जिस में उपस्थित गांव ग्राम सरपंच राजकुमारी पांसे चंद्रशेखर पांसे उपसरपंच कैवरा चेलक चुरामन ओंकार पाल निषाद लखन निषाद अशोक निर्मलकर अमृत रतनपाल अमरपाल रायसिंह मानसिंह कार्तिक संतरामपाल भेरु कौशल निषाद भूपेंद्र निषाद यशवंत पाल झग्गर पटेल चुरावन निषाद टॉप लाल गणेश निषाद भोला निषाद मंतराम यादव पुष्पा वर्मा अनीता शकुन मानकी अंजनी मेघनाथ गिरेन्द बिजेंद्र विष्णु रिखी गोवर्धन निर्मल डामरसिंह विनोद छबीराम राजकुमार ग्रामवासी उपास्थि थे।

लाफिनखुर्द में दो लाख की लागत से कराया जाएगा रंगमंच का निर्माण

■ ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव ने की दो लाख रुपए की राशि देने की घोषणा

महासमुन्द/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द में रंगमंच का निर्माण कराया जाएगा। ग्रामवासियों की मांग पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने रंगमंच निर्माण के लिए दो लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

आज रविवार को ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द के ग्रामीण संसदीय सचिव निवास पहुंच कर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नया तालाब में करीब 60 फीसदी ग्रामीण निस्तारी करते हैं। यहां शेड या रंगमंच नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लिहाजा यहाँ रंगमंच की नितांत आवश्यकता है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने रंगमंच निर्माण के लिए दो लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। राशि की घोषणा पर उपसरपंच लोकेश साहू, गोपी राम साहू, तेजकुमार साहू, रोहित कुमार नवरंग, विक्की मारकंडे आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

शांति समिति की हुई बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के अध्यक्षता में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरी. अंबरसिंह भारद्वाज के उपस्थिति में आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुये नगर के सभी वार्ड पार्षद, सभी समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिकगण एवं शहर के अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे शांति समिति की मीटिंग ली गई। मीटिंग के दौरान सभी से चर्चा करके नगर के ऐसे मोहल्ले व स्थान जहां विगत वर्षो में होली के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई है एवं उपद्रव हुआ है वहां फिक्स पाईट लगाकर अतिरिक्त बल तैनात करने एवं सघन पेट्रोलिंग करवाने के संबंध में एएसपी द्वारा आश्वस्त किया गया। बेमेतरा पुलिस द्वारा लोगों से यह अपील किया गया है कि होली का पर्व शांति सौहार्द्र एवं आपसी भाई चारा के साथ मनायें एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही पर्व के दौरान उपद्रव, हुडदंगी करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने का संदेश भी दिया गया। बैठक में पार्षद रानी सेन, नीतु कोठारी, जनता साहू, राजू साहू, घनश्याम देवांगन, शंकर सिंह चौहान, आशीष ठाकुर, एल्डरमेंन चंद्र प्रकाश सीतलानी, पुर्व पार्षद वाहीद रवानी एवं समाज प्रमुख नवाब अली, शत्रुहन साहू, दीपेश राजपूत, गुल्जार अली, सैयय्द रज्जाक अली तथा सीताराम यदु, सउनि रेशम लाल भास्कर अन्य समाज प्रमुख व जनप्रतिनिधीगण तथा मिडियाकर्मी उपस्थित रहे।

आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी, कोई कसर न छोड़ें, भाजपा का विजयी परचम लहराएं : राजपूत

■ संगठन की अपेक्षाओं पर खरें उतरे, लक्ष्य हासिल करने जी-जान लगाएंगे : कमलेश सारस्वत

■ एमएमसी में संपन्न हुई जिला भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारिणी की पहली बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला भाजपा महिला मोर्चा कार्यकारिणी की पहली बैठक शुक्रवार को अंबागढ़ चौकी में संपन्न हुई। प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शालिनी राजपूत के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई बैठक में जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत सहित पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्यों का परिचय करवाया गया। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों व रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में ही भाजपा के आह्वान पर नमो एप्प पर केंद्र सरकार की योजनाओं की महिला हितग्राहियों के साथ सेल्फी अपलोड कर सेल्फी अभियान की शुरुआत भी की गई।

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार व जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव शाह के मार्गदर्शन में जिला भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में शामिल होने पहुंची प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत का यहां भव्य स्वागत किया गया। नव जिला गठन के बाद प्रथम बार वे यहां के प्रवास पर थीं। बैठक की शुरुआत में सभी ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

शिक्षा अधिकारी नगरी कार्यालय का घेराव

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक के स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी को 5 तारीख तक वेतन भुगतान करने का अल्टीमेटम दिया गया था जिसका अवहेलना करते हुए होली के समय कमेंट ना मिलने से स्कूल सफाई कर्मचारी में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और शासन के आदेश क्रमांक स्था /04/721 के तहत 5 तारीख तक कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है फिर भी विकास खंड शिक्षा अधिकारी नगरी के द्वारा कर्मचारियों का वेतन जनवरी एवं फरवरी माह का भुगतान नहीं किया गया है जिसके चलते दिनांक 6 मार्च 2023 दिन सोमवार को नगरी ब्लाक के समस्त स्कूल सफाई कर्मचारी संघ विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य हैं यह जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा दिया गया है एवं स्कूल सफाई कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अपील किया गया है।

इंटक नेताओं ने दिलाया मजदूर को मजदूरी

खरोरा/नवप्रदेश। इंटक नेता चंदू टांडी कमल बांधे पत्रकार खिलेश्वर साहू के द्वारा सिक्योरिटी कंपनी पर दबाव बनाने के बाद मजदूर सिक्योरिटी गार्ड चंदेश्वर सूरी कांकेर निवासी को उनकी मेहनत का पेमेंट दिलाया गया मजदूर सिक्योरिटी गार्ड चंदेश्वर सूरी को कंपनी मैनेजर चौधरी द्वारा पेमेंट के लिए 1 महीने से बहाना बनाया जा रहा था जिससे मजदूर मानसिक रूप से परेशान हो चुका था तथा मजदूरी का पैसा नहीं मिलने की उम्मीद छोड़ दिए थे इंटक नेताओं से संपर्क करने के पश्चात तत्काल कंपनी मैनेजर चौधरी से मोबाइल पर बात करने के पश्चात उल्टा मजदूर पर नियमों के अनुसार काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए एक महीने बाद पेमेंट करने के बाद कहा गया जिसके पश्चात जिसके पश्चात इंटक नेताओं ने श्रम विभाग रायपुर के अधिकारियों से संपर्क कर केस दर्ज करने की मांग के साथ ही सिक्योरिटी कंपनी के लाइसेंस को रद्द करने की मांग किया गया अन्यथा श्रम विभाग कार्यालय एवं सिक्योरिटी गार्ड कार्यालय का घेराव करने की तैयारी को देखते हुए अंततः मजदूर संदेशवर सॉरी को उनकी डेढ़ महीने का वेतन का भुगतान दिनांक 03,03,2023 को इंटक नेताओं के समक्ष किया गया इस अवसर पर इंटक के लगभग 35 कार्यकर्ता उपस्थित थे जिनमें राजकुमार कुर्रे प्रेमलाल गिलहरी संतोष टंडन युधिष्ठिर पटेल लालाराम बघेल रामस्वरूप कोसले अनीता पटेल राजेश्वरी शिवारे रितु वर्मा मालती भट्ट कुसुम बंजारे धनेश्वरी कुर्रे ममता खूंटी गणेश टंडन अशोक कोसरिया आदि थे।

कमला कालेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 4 मार्च 2023 को प्रातः 11.30 बजे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की महिला एवं जेण्डर इश्यू प्रकोष्ठ एवं क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमा देशमुख महापौर नगर पालिक निगम एवं जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष तथा सम्मानित अतिथि नैना सिंह धाकड़ तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. बीएन मेश्राम प्राचार्य-शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव, डॉ. सुमन सिंह बघेल, प्राचार्य-शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव सोनाली ओस्तवाल लिनेस जिलाध्यक्ष, माला शुक्ला लिनेस क्लब अध्यक्ष, शारदा तिवारी अध्यक्ष भूतपूर्व छात्रा संगठन तथा सिद्धी मिरानी संस्थापक, सिद्धी फाऊंडेशन उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत में सुमधुर गान प्रस्तुत किया गया। महिला एवं जेण्डर इश्यू सेल की संयोजक डॉ. हरप्रीत कौर गरचा द्वारा मुख्य अतिथि हेमा देशमुख का स्वागत पुष्प पौध देकर किया गया। डॉ. नीता एस. नायर क्रीड़ाधिकारी द्वारा नैना सिंह धाकड़ पर्वतारोही का स्वागत पुष्प-पौध देकर किया गया।

युवा कांग्रेस ने किया पीएम का पुतला दहन

नवागढ़/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के तत्वधान में केंद्र में बैठे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के खिलाफ़ बढ़ती हुई महंगाई के विरोध करते हुए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।

पुतला दहन युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लोरेंश प्रिंस डहरे एवं नवागढ़ एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अंशु केशरवानी के नेतृत्व में किया गया था कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी चौक में केंद्र की नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर के भाव में 50 रूपये व का गैस के भाव में 350 रूपये की वृद्धि को अनुचित लबताते हुए गरीबों के कमर पर महंगाई की लाठी मारने का आरोप लगाया। इस अवसर पर इमरान खान (जिला महासचिव), यश जायसवाल, नरेन्द्र राजपुत, निखिल चौबे, विवेक नवरंग, गजेंद्र राजपुत् मनेंद्र राजपुत, यशपाल राजपुत चैतन्य गायकवाड, सहनवाज खान, अजीत चतुर्वेदी, रामानन्द, टिक्कु रामकिशन, दिनेश, शिवम, राहुल भूपेंद्र, चना, बहादुर यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।

हिन्दू जागरण पदयात्रा का नवागढ़ में भव्य स्वागत

■ संतो ने मंच से उठाई भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग

नवागढ़/नवप्रदेश। हिंदुत्व स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा का शनिवार को नवागढ़ नगर आगमन हुआ। नगर आगमन पर हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने पदयात्रा में शामिल साधु संतों का जगह-जगह फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा में शामिल महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास महाराज एवं मदकूद्वीप मण्डलेश्वर रामरूप दास महाराज आदि संतो ने लव जिहाद, लैंड जिहाद, गौ तस्करी आदि तमाम समस्याओं का एकमात्र समाधान हिंदू राष्ट्र बताया और कहा- भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर संत समाज पदयात्रा पर निकले हैं।

यह यात्रा सोमवार की शाम मुंगेली, गाड़ामोर के रास्ते नवागढ़ पहुंची। जहां राजीव गांधी चौक में नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान के अगुवाई में भाजपा संगठन एवं नवागढ़ नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने संतो का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान चन्द्रपाल साहू, गिरेन्द्र महिलांग, दयावंत बांधे, हरिकिशन कुर्रे, निमिराज सोनवानी सहित वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

नगर आगमन पर छिरहा चौक में विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने

नारेबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान संघचालक संतोष खुराना, विहिप प्रमुख नीलेश जायसवाल, राजेंद्र खुराना आदि उपस्थित रहे।

गौरव पथ पर बोल बम सेवा समिति के आशीष जैन, छबील साहू आदि के संतो का नमन किया गया। आगे बढ़ने पर साहू समाज के प्रमुख प्रेमू साहू, कपिल साहू, धनश्याम साहू सहित समाजिक जनों ने भी संतो का पूजन किया।

बस स्टैंड मिनी माता चौक में भाजपा महिला नेता मधू राय, दुर्गा सोनी, पार्षद राधा सिन्हा, कांति सोनकर के नेतृत्व में नगर की महिलाओं ने फूलों की रंगोली बनाकर पुष्प वर्षा करते हुए संतों की आरती उतारी। इनके साथ-साथ पूरी नगर भ्रमण में मोहतरा हरि कीर्तन मंडली, सुकुल पारा, बावाबा पारा, शंकर नगर, दर्री पारा सेवा मंडली एवं सुकुल पारा सुआ नृत्य दल ने संतों अगवानी की। शमी गणेश मंदिर के दर्शन उपरांत कबड्डी मैदान में संतो ने आमजन को संबोधित किया।

सर्वेश्वर दास महाराज ने कहा कि हमारे देश के अंदर भारतीय होने का जो गौरव होना चाहिए वह शिथिल दिख रहा है। जिसके चलते देश के साधु-संतों को यह यात्रा निकालनी पड़ी। आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन विरोधी नारे लग रहे, षड्यंत्र किया जा रहा है। हिंदू को सनातनी होने पर गर्व होना चाहिए, नहीं तो कुछ और लोग मतांतरण करके राष्ट्रअंतरण कर देंगे। उन्होंने कहा हमारा देश भारत है और भारत हिंदू राष्ट्र है केवल इसकी घोषणा होनी बाकी है।

रामरूप दास महाराज ने कहा कि इसका उद्देश्य गांव, बस्तियों, नगरों में निवास करने वाली हिंदू समाज के बीच संगत सत्संग और पंगत को माध्यम बनाकर संगठित हिंदू समाज के बीच हिंदू भाव जागरण करना है, जो जात- पात भाषा राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाए।

यात्रा के प्रांत संयोजक अवदेश दुबे ने कहा कि हिंदुत्व जागरण को लेकर आगामी 19 मार्च को रायपुर में एक विशाल धर्म सभा आयोजित होगी।

छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों का कमाल
तेंदुपत्ता संग्राहक परिवार हो रहे मालामाल
4 खुशहाल साल
हरे सोने से सुनहरा
भविष्य लिख रहे
तेंदुपत्ता संग्राहक
4 सालों में
2146.75 करोड़
तेंदुपत्ता संग्रहण
पारिश्रमिक का भुगतान
339.27 करोड़
प्रोत्साहन पारिश्रमिक
का भुगतान
श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
संवाद - 33385
सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसढ़ सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in